इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव








वर्ष- 43 | अंक -97 | राजनांदगांव, गुरूवार 22 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# दो दिन के लिए थमा किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च, 23 फरवरी को तय होगी आगे की रणनीति; डल्लेवाल अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के सिद्धूपुर गुट की ओर से दिल्ली कूच के आह्वान पर हरियाणा से सटे शंभू और खनौरी बॉर्डर पर दिनभर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। जिला प्रशासन ने किसानों की केंद्रीय मंत्रियों के साथ बातचीत करवाई। इसके बीच ही किसान की मौत की खबर मिलने पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब हालात का जायजा लेने के बाद ही वह आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। किसान मजदूर संगठन के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने किसानों का दिल्ली कूच आंदोलन को दो दिन के लिए स्थगित करने की बात कही है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि आज, हमें दुर्भाग्यपूर्ण खबर मिली कि खनौरी सीमा पर एक व्यक्ति को गोली मार दी गई और उसकी मौत हो गई। इसलिए, हमने पुतला जलाने की योजना को स्थगित करने का फैसला किया है और इसके बजाय दोपहर 12 बजे से हर जिले में दो घंटे के लिए सड़कों को अवरुद्ध करने का विकल्प चुना है। दोपहर 2 बजे (कल) हम अगली कार्रवाई पर निर्णय लेने के लिए कोर कमेटी के साथ बैठक बुलाएंगे।



### इंटरनेट अब 23 तक रहेगा बंद

हरियाणा में किसानों के दिल्ली चलो मार्च के चलते एक बार फिर इंटरनेट बंद की तिथि को बढ़ा दिया है। अब हरियाणा के सात जिलों में अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में इंटरनेट निलंबन 23 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, एक नौजवान किसान की मौत के बाद जगजीत सिंह डल्लेवाल, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रस्ताव के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों से चल रही मीटिंग को छोड़कर बाहर आ गए थे। हालांकि, अब दो दिन के लिए दिल्ली चलो आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि किसानों ने दिल्ली चलो मार्च दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय की जाएगी। दिल्ली के लिए कूच करने में विराम के बाद युवा किसान इस फैसले से ना खुश हुए और वापस लौटने लगे।

प्रदर्शनकारियों ने करीब आधे घंटे की रणनीति के बाद खनौरी बॉर्डर से करीब 150 मीटर दूर मौजूद पराली के डंप से एक-एक करके पराली की गांठें अपने सिर पर उठाकर खेतों के रास्ते बॉर्डर समीप खेत में जमा गई और उन्हें आग लगा दी। इस आग में लाल मिर्च डालकर जलाई गई, जिससे बॉर्डर पर विजिबिलिटी शून्य हो गई। जींद के दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर झड़प में घायल हुए एक युवक को रोहतक पीजीआइ में लाया गया है। घायल का 32 वर्षीय प्रीतपाल सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह है। वह पंजाब के संगरूर जिले के नया गांव का रहने वाला है। उसके आंख, कंधे और हाथ-पांव पर चोट है। चिकित्सकों के अनुसार हालत खतरे से बाहर है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीति) के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल और युवा प्रदर्शनकारियों में बहस होने की बात सामने आई है। युवा प्रदर्शनकारी किसान नेता से बॉर्डर तोड़ कर आगे बढ़ने की इजाजत मांग रहे थे जबकि डल्लेवाल ने कहा कि हम युवाओं को मरने के लिए आगे नहीं भेज सकते। जिस पर युवा प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर इस दौरान उनकी मृत्यु होती है तो वह इसके लिए खुद जिम्मेदार होंगे। जिसे किसान नेता ने अस्वीकार कर दिया। इस दौरान डल्लेवाल और युवा प्रदर्शनकारियों में खासी बहस भी हुई। इस बीच डल्लेवाल ने कहा, जब हम सुरक्षाकर्मियों से बात करने के लिए गए तो उधर से आंसू गैस के गोले चलाए गए। जबकि हम यह चाहते थे कि हमें आगे बढ़ने दिया जाए। इस दौरान डल्लेवाल भी आंसू गैस के धुंए की चपेट में आ गए। उन्हें भी सांस लेने में तकलीफ हुई। हालांकि उन्होंने मास्क पहना हुआ था।

खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने पराली की गांठे जला कर पूरे इलाके को धुओं से भर दिया है। जिस कारण से शंभू बॉर्डर पर विजिबिलिटी शून्य हो गई है। अब यह हवा हरियाणा की तरफ होने के कारण धुंआ हरियाणा की तरफ जा रहा है। प्रदर्शनकारी किसानों से कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने की अपील, सभी मुद्दों का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बिरनपुर हिंसा मामला: डिप्टी सीएम ने विधानसभा में किया सीबीआई जांच का ऐलान



रायपुर। बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुए हिंसा और वर्तमान में बीजेपी विधायक ईश्वर साहू के बेटे भुवनेश्वर साहू की हत्या के मामले की जांच सीबीआई करेगी. विधानसभा में गृह मंत्री एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम ने ये ऐलान विधानसभा में किया है. इसके साथ ही इस मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर सवाल उठाया है.

### पूर्व सीएम ने क्या कहा?

पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि पीड़ित के पिता ईश्वर साहू ने सदन में मामला उठाया, तब सरकार ने सीबीआई की घोषणा की है. जबकि चुनाव के वक्त बीजेपी और डिप्टी सीएम ने ये मुद्दा जोरशोर से उठाया था. ये निर्णय तो उन्हें पहली कैबिनेट मीटिंग में ही ले लेना चाहिए था. उन्होंने यह भी कहा कि इन्हें राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं था, इसलिए सीबीआई की जांच घोषित करनी पड़ी. वह भी तब जब पीड़ित के पिता ने सदन में ध्यानाकर्षण लगाया. उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच हमने देखा है, जो सिर्फ घोषणा ही रहेगी.

### क्या था मामला?

पिछले साल 8 अप्रैल को बिरनपुर गांव में 2 बच्चों की आपसी लड़ाई के बाद हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों में विवाद हो गया था. विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया, जिसमें 22 वर्षीय भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई थी. इसके बाद विवाद हिंसा का रूप ले लिया. मामले में विश्व हिंदू परिषद ने 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया. इसका साथ विपक्षी दल बीजेपी (ब्ल्ब्ल्क) ने भी दिया. इस बीच पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया था. हालांकि इस दौरान हुए हिंसा व आगजनी की घटना के बाद मुस्लिम समुदाय के पिता-पुत्र की लाश मिली थी. आगजनी के मामले में भी पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था. कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया.

### पीड़ित का सदन में ध्यानाकर्षण लोकतंत्र की जीत: डिप्टी सीएम

वहीं सीबीआई जांच के ऐलान के वक्त डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत है. ईश्वर साहू, जिनके बेटे की हत्या हुई और उसके लिए न्याय की गुहार वह लगातार लगाते रहे. वहीं आज सदन में सदस्य बनकर ध्यानाकर्षण लगाया है. अब सीबीआई जांच कर उनकी मांग को पूरा किया जाएगा और उन्हें न्याय दिलाया जाएगा.

पूर्व सीएम के उठाए सवाल को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि उन्हें राज्य की पुलिस पर पूरा भरोसा है. लेकिन, यहां मसला जांच की बारीकियों का है. इसीलिए ये निर्णय लिया गया है.

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, गन्ना खरीद कीमत में 8 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। केंद्र की कैबिनेट बैठक में बुधवार को अहम फैसले लिए गए। मोदी कैबिनेट ने गन्ना खरीद की कीमत में 8 फीसदी की वृद्धि की मंजूरी दी है। कैबिनेट ने गन्ना खरीद की कीमत को 315 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दी।गन्ने की कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई है। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि चीनी मिलों द्वारा किसानों को गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक मूल्य निर्धारित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा, साल 2024-25 के लिए मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो पिछले वर्ष 315 रुपये था।



### गन्ना किसानों को कितने पैसे मिले

अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2019-20 में 75854 करोड़ रुपये गन्ना किसानों को मिले हैं। 2020-21 में 93011 करोड़ रुपये मिले। 2021-22 में किसानों को 1.28 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, 2022-23 में 1.95 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। ये राशि सीधे बैंक खाते में भेजी गई। उन्होंने कहा, 'हम किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### नेशनल लाइवस्टॉक के तहत सबस्कीम

मोदी कैबिनेट ने नेशनल लाइवस्टॉक के तहत सबस्कीम शुरू करने का फैसला लिया। घोड़े, ऊंच, गधा और खच्चरों की संख्या घट रही है। देसी नस्ल की प्रजातियां खत्म होने की कगार पर है। ब्रीड मल्टीफिकेशन पर कार्य किया जाएगा। पशुधन को बचाने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है। ठाकुर ने बताया कि कोई भी व्यक्ति और सेल्फ ग्रुप को 50 फीसदी सब्सिडी दी गई है। इसकी अधिकतम रकम 50 लाख रुपये है।

### फ्लड मैनेजमेंट और बॉर्डर एरिया पर बड़ा फैसला

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैबिनेट मीटिंग में फ्लड मैनेजमेंट और बॉर्डर एरिया प्रोग्राम पर फैसला लिया गया। इसमें 4100 करोड़ रुपये की रकम उपलब्ध कराई गई। 2025-26 तक 2930 करोड़ रुपये फ्लड मैनेजमेंट के लिए दिया जाएगा।

# 3000 करोड़ की म्याऊं-म्याऊं बरामद: दिल्ली के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी, फुड पैकेट में होती थी डिलीवरी

नई दिल्ली। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद की है। ये दिल्ली नहीं पूरे भारत में सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। पुणे पुलिस ने हौजखास व कोटला मुबारकपुर इलाके से 970 किलोग्राम म्याऊं-म्याऊं ड्रग्स बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद इस ड्रग्स की कीमत 3000 करोड़ से ज्यादा रुपये बताई जा रही है। इसमें अंतरराष्ट्रीय तस्करों के शामिल होने का शक है। ड्रग्स की सबसे बड़ी खेप बरामद होने से दिल्ली पुलिस पर सवाल उठने लगे है। स्थानीय सवाल पुलिस को इस ड्रग्स के बारे में जानकारी क्यों नहीं मिली।



दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने ड्रग्स मिलने की पुष्टि की है। ये ड्रग्स फूड पैकेट में डिलीवरी होती थी। स्थानीय भाषा में मेफेड्रोन को म्याऊं म्याऊं भी कहते हैं। महाराष्ट्र में पुणे पुलिस का यह अब तक का सबसे बड़ा ड्रग भंडाफोड़ है और भारत में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है। पुणे पुलिस ने कुल 1800 किलोग्राम सिंथेटिक उत्तेजक दवा मेफेड्रोन बरामद की है। पुणे में कई जगहों से लगभग 720 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है। दिल्ली में लगभग 970 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की है। ड्रग नेटवर्क के पीछे एक कूरियर एजेंसी शामिल है, जो प्रोसेस्ड फूड पैकेट में ड्रग्स सप्लाई करती थी। कुछ कूरियर लंदन भेजे गए थे। एक कुरियर एजेंसी प्रोसेस्ड फूड पैकेट में ड्रग्स सप्लाई करती थी। पुणे पुलिस ने तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में दबिश दी और ड्रग तस्करों से पूछताछ के बाद पुणे पुलिस की एक टीम ने दक्षिण दिल्ली के हौज खास व कोटला मुबारकपुर थाना क्षेत्र में दबिश दी। इन दोनों जगहों ने 970 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है। आरोपियों के कुख्यात ड्रग तस्कर ललित पाटिल से जुड़े होने का अंदेशा है।

### संयुक्त रूप से छापेमारी कर बरामद की गई है

दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि दक्षिण जिला पुलिस व पुणे अपराध शाखा की टीम ने 20 फरवरी को हौजखास व कोटला मुबारक पुर थाना क्षेत्र में संयुक्त रुप से कार्रवाई कर ड्रग्स बरामद की है। पुणे पुलिस ने दबिश देने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में एक साल में एक लाख राशन कार्ड निरस्त, कटा नौ लाख लोगों का नाम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सदन में दी जानकारी



रायपुर। छत्तीसगढ़ में गरीबों का सस्ता अनाज देने की योजना के बाद राज्य शासन की ओर से एक वर्ष में करीब एक लाख राशन कार्डों को निरस्त किया गया है। एक जनवरी से 31 दिसंबर-23 के मध्य अन्त्योदय, निशक्तजन, निराश्रित तथा सामान्य परिवार के 99,172 राशनकार्ड निरस्त किए गए हैं। साथ ही 8,90,660 हितग्राहियों का नाम हटाया गया है। राशनकार्ड धारकों के अपात्र होने, बाहर चले जाने तथा कुछ राशनकार्ड धारकों की मृत्यु की पुष्टि होने पर राशन कार्ड निरस्त किया गया है।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी है। एक जनवरी से 31 दिसंबर के मध्य सबसे ज्यादा दुर्ग जिले में 15,467 राशन कार्ड निरस्त हुए है। रायपुर में इसकी संख्या 5,858 है। हितग्राहियों की ओर से कार्ड देने पर 65,477 निरस्त हुए हैं। ऐसे ही परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर 9,261, सत्यापन में निवास पर नहीं पाने पाए जाने पर 4,833 परिवार तथा राशन कार्ड के लिए पात्र नहीं पाए जाने पर 19,600 राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ऐसे राशन कार्ड निरस्त

अन्त्योदय- 6661
प्राथमिकता- 25,478
निशक्तजन- 786
निराश्रित- 1757
सामान्य परिवार- 64,490

### निरस्त किए गए राशन कार्ड वाले टाप-5 जिले

दुर्ग-15,467
बलौदाबाजार-7824
बिलासपुर-7102
रायपुर- 5858
गरियाबंद- 5548

### निरस्त किए गए राशन कार्ड के सदस्य वाले टाप-5 जिले

बलौदाबाजार- 1, 01, 506
दुर्ग- 63, 355
जांजगीर- चांपा- 54,933
महासमुंद- 49,741
रायपुर- 47,163

# 'इंडिया' गठबंधन एकजुट: यूपी और एमपी में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों पर बनी सहमति

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर आखिरकर लंबे विचार-विमर्श के बाद सहमति बन गई है. इंडिया गठबंधन के दोनों घटकों के बीच काफी समय से इसे मुद्दे को लेकर बातचीत की जा रही थी. इसके तहत कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं शेष 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और अन्य सहयोगी दल चुनाव मैदान में होंगे. साथ ही सीट बंटवारे के तहत मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी गई है. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रियंका गांधी ने इस गठबंधन को सही अंजाम तक पहुंचाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है.

सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और



कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की, अविनाश पांडेय ने कहा कि देश का सम्मान सुरक्षित रखने के लिए सभी जिम्मेदार दलों ने गठबंधन किया है. कांग्रेस को 17 सीटें गठबंधन में मिल रही हैं. दोनों दलों में गहन चर्चा और मशक्कत के बाद सीटों पर सहमति बन गई है।

### यह गठबंधन पूरे देश के लिए संदेश - चौधरी

समाजवादी पार्टी के महासचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह गठबंधन पूरे देश के लिए संदेश है. उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटें हैं. अखिलेश यादव ने बार बार कहा है कि यूपी से ही बीजेपी केंद्र में आई थी, यूपी की वजह से ही 2024 में सत्ता से जाएगी। चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं. किसान नौजवान सड़कों पर हैं. पिछले 10 सालों से बीजेपी की कुनीतियों से वंचित वर्ग को बचाने के लिए इंडिया गठबंधनन के सपने को साकार किया गया है. हम मतदाताओं से निवेदन करते हैं कि वो देश को बचाने के लिए मतदान करें। उत्तर प्रदेश में इन सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस - अमेठी, रायबरेली, कानपुर नहर, फतेहपुर सीकरी, बाँसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया।

### सपा ने अब तक 32 नामों का किया ऐलान

समाजवादी पार्टी ने एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की 5 लोकसभा सीटों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 60 के हुए सीएम साय, बच्चों संग मनाया जन्मदिन, प्रधानमंत्री मोदी सहित दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज जन्मदिन है। मुख्यमंत्री साय आज 60 साल के हो गए हैं। इस मौके पर सीएम साय को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह ने सीएम साय को जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम में अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केक काटा और बच्चों को केक खिलाया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बच्चों को खूब दुलार किया। इस मौके पर पद्मश्री जागेश्वर यादव भी मौजूद रहे।

एक दिन पहले भाजपा कार्यालय में मंत्री सहित प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेताओं ने मुख्यमंत्री साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं



दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने मुख्यमंत्री को शुभकामना संदेश देते हुए एक्स पर तस्वीर शेयर किया है। किरण देव ने अपने संदेश में लिखा है, प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मैं उनके सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना करता हूं।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर विधायक ने बच्चों को दिया न्योता भोज

इधर, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत टेमरी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों संग न्योता भोज दिया। विधायक साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के एक दिन पूर्व आज स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोज कर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की अग्रिम शुभकामना प्रेषित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कल 21 फरवरी को जन्म दिवस है। विधायक साहू ने बच्चों को स्वयं भोजन परोसा एवं उनके बीच चटाई पर बैठकर भोजन भी किया। भोजन के दौरान विधायक ने अपने स्कूली दिनों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आज छत्तीसगढ़ दौरा, लोकसभा चुनाव का रोड मैप करेंगे तैयार

रायपुर/कोंडागांव/ जांजगीर चांपा। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने कमर कस ली है. पार्टी के दिग्गज नेताओं का दौरा छत्तीसगढ़ में होने जा रहा है. इस कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं. रायपुर से लेकर कोंडागांव तक अमित शाह का चुनावी कार्यक्रम है. बीजेपी नेताओं के साथ महामंथन और सभाओं में अमित शाह शामिल होंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर में बीजेपी नेताओं के साथ चर्चा करेंगे. इस बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर बात होगी. बैठक खत्म करने के बाद अमित शाह कोंडागांव पहुंचेंगे. कोंडागांव ऑडिटोरियम में शाह बीजेपी नेताओं के साथ मंथन करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे. 22 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोंडागांव पहुंच रहे हैं. बस्तर में लोकसभा सीटों को क्लस्टर में बांटा गया है. बस्तर में जो बैठक हो रही है वह क्लस्टर की बैठक है जिसमें तीन लोकसभा सीटें हैं. संगठन के लोगों से चर्चा और बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ अमित शाह कोंडागांव में मीटिंग करेंगे। लता उसेंडी, बीजेपी विधायक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जांजगीर चाम्पा जिले के हाई स्कूल में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोक सभा चुनाव का शंखनाद करेंगे. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, बीजेपी प्रदेश संगठन प्रभारी ओम माथुर के साथ कई मंत्री यहां पहुंचेंगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)







# मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से 23 फरवरी को आवास आबंटन

**आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचने आयुक्त ने की अपील**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस छत्तीसगढ़ शासन की एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहुमंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 448 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है।

आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 85 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर कल दिनांक 23 फरवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें। आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पुर्व की सूची के 449 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 23 फरवरी को आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया कि रेवाड़ीह मोहारा 340 युनिट की राशि 2,67,971.00 रुपये एवं लखोली के पूर्ण आवास की राशि 2,73,059.00 रुपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिये जायेगे, हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखों के सामने बनते हुये देख सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचे, आवास हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन ना करें आवास भुतल या नीचे ऊपर दिलाने के लिए भी किसी से संपर्क कर किसी को भी पैसा न देवे। बाहरी व्यक्तियों के द्वारा आवास दिलाने संर्पक किया जा रहा है, इस प्रकार की शिकायतें लगातार निगम कार्यालय को प्राप्त हो रही है किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में चर्चा कर पैसे का लेनदेन ना करें। क्योकि वे व्यक्ति निगम से संबंधित नही है। इस प्रकार के लोगो से बचे एवं निगम में सम्पर्क कर विधिवत स्वयं के आवास का सपना साकार करें।

## अपराधों पर नकेल कसने एक साथ निकले 70 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी



राजनांदगांव(दावा)। शहर में बीती रात विभिन्न तरह के अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगभग मातहत 70 पुलिस अधिकारी और जवान कर्मचारी एक साथ शहर के चप्पे चप्पे पर गस्त करने निकले थे। इस दौरान संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों 20 फरवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल व एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया द्वारा शहर के सभी थाना/चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ तथा रक्षित केन्द्र के बल को थाना कोतवाली मे बुला कर अपराधियों पर नकेल कसने एवं चोरी की घटना बढ़ने के संभावनओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तहत रात्रि पेट्रोलिंग, पोइन्ट ड्यूटी एवं कॉबिंग गश्त के संबंध में विस्तार से ब्रीफ कर शहर भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वो तथा चोरी लूट की नीयत से घूमते संदिग्धों पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना आदि प्रमुख हैं।

इस संदर्भ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा स्वयं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली, यातायात थाना तथा रक्षित केन्द्र व उनके बल के साथ शहर के एक एक गली मोहल्लों, चौक चौराहों में कांबिंग गस्त किया तथा गुंडा बदमाश, रात्रि में मोटरसायकल से घूमते लड़कों, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर उनसे पूछताछ एवं तलाशी की गई तथा संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही की गई। वहीं आने जाने वालों वाहनों को चेकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई। बताया जा रहा है कि कॉबिंग गस्त के माध्यम से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और गुंडा बदमाशों में भय का माहौल बना रहेगा।

## पहला कॉलम...

### इमरान बीबा को निगम एल्डरमैन बनाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद पूर्व कांग्रेस शासनकाल के नामांकित परिषदों को हटा दिए जाने के बाद राज्य की सत्तासीन भाजपा से अब तक नामांकित पार्षद या एल्डरमैन नियुक्त नहीं किए गए हैं। मांग की जा रही है कि पूर्व राज्य हज कमेटी, विशेष आमंत्रित सदस्य और वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा को एल्डरमैन बनाया जाए। वह इसलिए की सभी समाज के गरीब और वंचित तपके के नागरिकों को उनका हक और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लंबे समय से सक्रिय रहे एल्डरमैन बन जाने से वह और अधिक सक्रियता से कार्य कर पाएंगे। श्री बीबा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा के खास माने जाते है। वे विधानसभा चुनाव में सक्रिय होकर भाजपा के लिए लगातार काम किए हैं। मांग करने वालों में अल्पसंख्यक समुदाय के ही नहीं बल्कि शहर के और भी नागरिक संगठन संगठनों के लोग उन्हें एल्डरमैन के रूप में देखना चाहते हैं।

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 7 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 7 मार्च को अपरान्ह 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### दामोदर कानजी भानुशाली का निधन



राजनादगांव (दावा)। प्रिंसेस पैलेस निवासी दामोदर कानजी भानुशाली का 21 फरवरी के दोपहर दो बजे के उनके निवास में हृदयाघात से निधन हुआ। मृदभाषी मिलनसार श्री दामोदर, डॉ गोपाल भानुशाली व विठ्ठल भानुशाली के पिता थे। अंतिम यात्रा आज 22फरवरी को बीजेपी कार्यालय एमपी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित प्रिंसेस पेलेस से प्रातः 11बजे निकाली जाएगी।

### श्रीमती उमा साहू का निधन



राजनांदगांव(दावा)। अंचल के सुप्रसिद्ध जसगायक मनहरण साहू की धर्मपत्नी श्रीमती उमा साहू का 50 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे बाल-बच्चों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 निवासी जस गायक मनहरण साहू मनु की धर्म पत्नी श्रीमती उमा पिछले कई दिनों से अश्वस्त चल रही थी। बुधवार 21 फरवरी की सुबह हुए उनके निधन से जसगीत परिवार वालों सहित कन्हारपुरी के लोगों में शोक का माहौल है। उनका अंतिम संस्कार वार्ड के मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में जसगीत परिवार के लोगों व साहू समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## शीला थीजन हाईस्कूल में संपन्न हुआ वार्षिक पुरस्कार तथा पदक वितरण



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल में वार्षिक पुरस्कार तथा पदक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिछले सत्र के सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक तथा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष भर की विभिन्न शालेय कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं और शाला में शतप्रतिशत उपस्थिति के लिये उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य खरे (सहायक संचालक शिक्षा विभाग, राजनांदगांव), दीपक ठाकुर (प्राचार्य, शासकिय हायर सेकेण्डरी स्कूल, टेडेसरा), एवं डॉ.आर. मोहबे (सेवानिवृत्त प्राचार्य, एवं बी.ई.ओ.) रहे। जिसमें आदित्य खरे ने शाला विकास समिति की प्रशंसा की, जिसके अंतर्गत शाला के प्राचार्य वी.पी.राव सर के कार्य की सराहना की, उन्होंने स्कूल परिसर की बिल्डिंग छोटी या बड़ी हो इससे तात्पर्य नही है, पढ़ाई के स्तर से संबधित होना चाहिए। उन्होंने बातों को बहुत ही अच्छे माध्यम से व्यक्त किया। साथ ही साथ डॉ.आर. मोहबे सर ने व्यक्ति के सोच से संबधित बातों को व्यक्त किया जिसका सार स्कूल के शिक्षा क्षेत्र से आधारित है, कि व्यक्ति छोटा या बड़ा नही होता। यह उसकी सोच पर निर्भर करता है।

अच्छी सोच इंसान को ऊँचे स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। दीपक ठाकुर ने अपनी बातों को पुरस्कार वितरण के माध्यम से व्यक्त किया उन्होंने बताया कि जिस परिवेश में हम रहते है, वहां सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद का होना अति आवश्यक है जिससे बच्चों की शारीरिक और मानसिक बुद्धि का विकास होता है। शाला के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हारने वाला बच्चा यदि खेल में भाग नहीं लेता, तो विजयी प्रतियोगी की जीत निश्चित नही होती। अतः हमे हार से निराश न होकर प्रयास करते रहना चाहिये। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एंव शाला परिवार ने बच्चों को बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पेंशनरों ने की 4 प्रतिशत डी.ए. की मांग

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 21 फरवरी को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के अध्यक्ष विरेन्द्र नामदेव से ज्ञात हुआ है कि छत्तीसगढ राज्य के आई.ए.एस. और आई.पी.एस. अधिकारियों को 01.07.2023 से 46 प्रतिशत (महंगाई भत्ता) दिया जा रहा है, लेकिन छ.ग. राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (1.25 लाख) को यह राशि नहीं मिल रही है। उक्त राशि की मांग छ.ग. राज्य के कर्मचारी कर रहे है उनके नाम है एस.आर.केहरी प्रांतीय संरक्षक, के.के. दुबे प्रांतीय सचिव, अनिल शर्मा अध्यक्ष पी.आर.साव नगर अध्यक्ष, श्रीमती शोभांजली श्रीवास्तव सदस्य, अशोक कुमार कहार, सदस्य, मोहन सदस्य, सुधीर शेण्डे महासचिव, वासकले सदस्य पी.सी. कोसरिया संयुक्त सचिव, पी.एल. वर्मा, हाजी के.बी. कुरैशी सदस्य, बसंत कुमार यदु अध्यक्ष खैरागढ़, रमेश कुमार भोजवानी प्रचार सचिव, आलोइंस कुजुर अध्यक्ष अं. चौकी संरक्षक डॉ. रामकृष्ण मिश्रा कसडोल, शिवशंकर पटनायक रायपुर, गंगाप्रसाद साहू पिथौरा, एसआर केहरी राजनांदगांव, मुरली मनोहर शर्मा धमतरी एवं संघ के समस्त पदाधिकारीगण आदि हैं।

## युगांतर किड्स के बच्चों ने बसंत पंचमी मनाया और योगासन किया




राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में नर्सरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों ने बसन्त पंचमी के अवसर पर माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। उन्होंने पीले रंगों के परिधान में अपनी खूबसूरत आभा बिखेरी। शिक्षिकाओं ने माता सरस्वती के प्रादुर्भाव की कथा बताई। इसी तारतम्य में स्पोर्ट्स शिक्षक रामनाथ रजक ने बच्चों को योग के विविध आसनों का प्रशिक्षण दिया। बसन्त पंचमी तथा योग प्रशिक्षण के आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज ओजस्वी यादव, सेजल शर्मा, मुस्कान साधवानी, अदिति चौरड़िया, ऋचा मेहरा, कनीज फातिमा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस संदर्भ में ओजस्वी यादव ने बताया कि नर्सरी के विद्यार्थियों को एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही हैं। इससे उनका लर्निंग आउटकम बेहतर हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आगामी नए सत्र में सीबीएसई के पाठ्यक्रम अपनाते हुए इस प्रकिया को और गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने सीबीएसई के नए फ्रेम वर्क का उल्लेख किया। उन्होंने आगे बताया कि नए फ्रेम वर्क के जरिये बच्चों को नई दक्षता में निपुण करने के साथ-साथ उन्हें एक नया विजन और लर्निंग का नया तरीका प्रदान करने की भी योजना है। इसी योजना के तहत बच्चों को योग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। नन्हें विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी मनाकर भारतीय संस्कृति के मूल स्त्रोत को समझा है। उन्होंने योगासन के आयोजन के संबंध में कहा कि बच्चों को कुशल स्वास्थ्य से परिचित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस तरह के रचनात्मक आयोजन से विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। यही नहीं हम लर्न बाइ फन के जरिये 360 डिग्री पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों की उंगली में इतनी मजबूती नहीं होती कि उन पर नर्सरी कक्षाओं से ही करसीव राइटिंग के लिए जोर डाला जाए। इस दिशा में हम उन्हें उनकी आयु के अनुसार गाइड कर रहे हैं। उन्होंने प्री प्राइमरी कक्षाओं में नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों की सफलता पर प्रसन्नता प्रकट करते प्री प्राइमरी की सभी शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित की है।

## पं. किशोरीलाल शुक्ला उधानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र पेण्ड्री में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल के दिशा निर्देश में स्वस्थ भारत सशक्त भारत सजग भारत अभियान के तहत जिले के समस्त महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच रक्तदान व ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मे संस्था के डीन डॉ. एम.एस. पैकरा के मार्गदर्शन व देशमुख सर, एनसीसी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग से सफलतापूर्वक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 रक्तवीरों ने रक्तदान किया, साथ ही 20 युवाओं ने ड्रायविंग लायसेंस बनाये व 200 विद्यार्थियों व संस्था प्राध्यापकगणों ने अपना स्वास्थ्य जाँच परीक्षण कराया।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-9
159-5 129-2
राजधानी
3-7-8
349-6 226-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं.- 202402000400022
अ/24 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जगदीश प्रसाद देवांगन आ. स्व. सखाराम देवांगन, निवासी ग्राम भेड़ीकला, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भेड़ीकला, प.ह.नं.-32 रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 153/4 रकबा 0.037 हे. भूमि को शासन के पक्ष में स्वेच्छा से त्यजन किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, नक्शा नकल, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि को शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 06/03/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 13/02/2024
पेशी दिनांक - 06/03/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

आज अंतिम दिन | रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
17th Feb to 22nd Feb 2024




Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं.- 202402000400022
अ/24 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समरा आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक धरमपाल देवांगन आ. बुधर लाल देवांगन, निवासी ग्राम भेड़ीकला, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भेड़ीकला, प.ह.नं.-32 रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 138/3 रकबा 0.048 हे. भूमि को शासन के पक्ष में स्वेच्छा से त्यजन किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, नक्शा नकल, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि को शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 06/03/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 13/02/2024
पेशी दिनांक - 06/03/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं.- 202402000400024
अ/24 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक ताराचंद देवांगन आ. स्व. सखाराम देवांगन, निवासी ग्राम भेड़ीकला, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम-भेड़ीकला, प.ह.नं.-32 रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं.-138/1 रकबा 0.049 हे. भूमि को शासन के पक्ष में स्वेच्छा से त्यजन किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, नक्शा नकल, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि को शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 06/03/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 13/02/2024
पेशी दिनांक - 06/03/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं.- 2024020004000400025
अ/24 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सेवकराम देवांगन आ. बिहारी लाल देवांगन निवासी ग्राम भेड़ीकला, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम-भेड़ीकला, प.ह.नं.-32 रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं.138/2 रकबा 0.032 हे. भूमि को शासन के पक्ष में स्वेच्छा से त्यजन किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, नक्शा नकल, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि को शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 06/03/ 2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 13/02/2024
पेशी दिनांक - 06/03/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं.- 2024020004000400021
अ/24 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मन्नु लाल देवांगन आ. स्व. सखाराम देवांगन, निवासी ग्राम भेडीकला, तहसील व जिला राजनांदगाव (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भेडीकला पहनं.-32 रानिमं-सुकुलदैहान तहसील जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 153/2 रकबा 0.036 हे. भूमि को शासन के पक्ष में स्वेच्छा से त्यजन किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, नक्शा नकल, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि को शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 06/03/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 13/02/2024
पेशी दिनांक - 06/03/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल कबीरधाम (छ.ग.)**

☎ 95169-41301 Email-subjail.kwd- cg@gov.in

क्रमांक/402/ जेल/निर्वाह/ 2024 कबीरधाम, दिनांक /16/02/2024

**// निविदा सूचना //**
**परिशिष्ट - 2 ( नियम 4.4.2 )**
**वार्षिक निविदा वर्ष 2024-25 ( प्रथम बार )**

जिला जेल कबीरधाम (छ.ग.) में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्यान्न एवं विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्ष 2024 2025 के लिए सील बंद निविदाएं दिनांक 21.03.2024 पूर्वान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। निविदा फार्म रूपये 5000/- (अक्षरीय पांच हजार रूपये) जमा कर किसी भी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय, जेल अधीक्षक, जिला जेल कबीरधाम (छ.ग.) से प्राप्त कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन सूचना पटल/जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि **20.03.2024** समय अपरान्ह 01.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **21.03.2024** समय अपरान्ह 01.00 बजे तक।
3. निविदा हेतु सुरक्षा निधी जमा करने कि अतिम तिथि **21.03.2024** अपरान्ह के 01.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि **21.03.2024** समय अपरान्ह 03.00 बजे स्थान जिला जेल कबीरधाम (छ.ग.)
5. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें जेल अधीक्षक जिला जेल कबीरधाम के कार्यालय में (आधार कार्ड, पेन कार्ड के साथ फर्म के लेटर पेड में आवेदन पत्र) प्रस्तुत कर एवं रू 5,000/- (पांच हजार रूपये मात्र) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते है। अथवा निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट Jail.cg-gov.in से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-07954/2

जेल-अधीक्षक
जिला जेल कबीरधाम छ.ग.

# राजनांदगांव में दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर का भवन निर्माण ऐतिहासिक - सांसद

## सांसद ने दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के नये भवन का किया उद्घाटन

- 32 करोड़ रूपए की लागत से समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के नये भवन का किया गया निर्माण
- सीआरसी केन्द्र में दिव्यांगजनों को सभी प्रकार का मिलेगा प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता केन्द्रीय राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी एवं विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन डॉ. रमन सिंह की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थिति में सांसद संतोष पाण्डेय ने 32 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में नवनिर्मित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) के नये भवन का उद्घाटन किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। जहां दिव्यांगजनों के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है।

जहां दिव्यांगजनों के लिए सभी प्रकार के यंत्र, प्रशिक्षण, पालकों को प्रशिक्षण और सभी प्रकार की व्यवस्था इस अत्याधुनिक भवन में व्यवस्थित रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का इस भवन निर्माण के लिए लगातार प्रयास रहा है। आज राजनांदगांव जिले को नये भवन की सौगात मिली है। जिसमें केवल राजनांदगांव ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लोगों को यहां लाभ प्राप्त होगा। यहां दिव्यांगजनों को सभी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने के लिए तथा विश्व में अग्रणी देश बनाने के लिए जो संकल्प लिया है। हम सब उसमें सहभागी और सहयोगी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास, सबका प्रयास हम सब भागीदारी बनेंगे। उन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार को नये भवन के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय ने हितग्राहियों को सहायक उपकरण हियरिंग एड, टीएलएम किट, गतिशीलता उपकरण, व्हील चेयर सहित अन्य उपकरण प्रदान किया गया। सांसद श्री पाण्डेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनाएं एवं शुभेच्छा दी।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव (सीआरसी) की स्थापना 25 जून 2016 को की गई थी। यह राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी) सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। समेकित क्षेत्रीय केंद्र दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लेखित सभी 21 प्रकार के दिव्यांगजनों को पुनर्वास और विशेष शिक्षा सेवाएं प्रदान करता है और बहुत से गतिविधियों का संचालन करके शैक्षणिक सेवाएं भी प्रदान करता है। जिसमें अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम और विशेष शिक्षा बौद्धिक दिव्यांगता में एक दीर्घकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव वर्तमान में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। जिसमें प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, भाषा और श्रवण जांच, विशेष शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सामाजिक कार्य, प्लेसमेंट, दूरस्थ सेवाएं, मानव संसाधन विकास, अनुसंधान एवं विकास, किरण मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन (एमएचआरएच) छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सीआरसी राजनांदगांव द्वारा संचालित की जाती है। इसके अलावा बौद्धिक दिव्यांजनों को शारीरिक दिव्यांगता के अनुरूप सहायक उपकरण कृत्रिम अंग, बैसाखी, व्हील चेयर आदि और शिक्षण एवं शिक्षण सामग्री (टीएलएम) किट सहित सहायक उपकरणों का नियमित वितरण एडीआईपी योजना के तहत निःशुल्क किया जाता हैं। श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कान के पीछे में लगने वाला श्रवण यंत्र प्रदान किया जाता है।



### नये भवन की मुख्य विशेषताएं

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव का नया भवन ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 32 करोड़ रूपए की लागत से 4151.38 वर्ग मीटर भूमि में निर्मित किया गया है। यह भवन 2 मंजिलों में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बनाई गई है। भवन को सभी प्रकार के दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी सार्वभौमिक सुलभ सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। हाथ की रेलिंग के साथ रैंप और सीढ़ियां, ब्रेल साइनेज बोर्ड, पीले रंग के स्पर्शनीय नालीदार टाइल वाले फर्श। गलियारे की चौड़ाई सामान्य से अधिक रखी गई है और दोगुनी ऊंचाई की रेलिंग लगाई गई है, ताकि बौने दिव्यांगजनों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी स्वतंत्र रूप से चलना सुविधाजनक हो। दिव्यांगजनों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सुलभ शौचालयों को कम ऊंचाई और आसान लॉकिंग सिस्टम के साथ तय किया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार के पास दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ पार्किंग सुनिश्चित की गई है। इस सेवाओं के लिए सीआरसी राजनांदगांव में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस भवन में हरियाली वाले लॉन और उद्यान हैं। भवन परिसर में सौर प्रणाली और वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रस्ताव है। इमारत आधुनिक अग्नि सुरक्षा सेंसर और अग्नि सुरक्षा उपकरणों से भी सुसज्जित है। सीआरसी कैंपस में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा और इस भवन में इंटरनेट लीज्ड लाइन सुविधा उपलब्ध होगी, जो तेज और विश्वसनीय ऑनलाइन संचार में मदद करेगी और हमें वर्चुअल प्रशिक्षण के साथ-साथ टेली-पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। यह भवन दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से बाधारहित है और इसे दिव्यांगजनों के लिए अत्याधुनिक केंद्र बनाने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भण्डारी, खूबचंद पारख, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, भरत वर्मा, सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा, रमेश पटेल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के कार्यवाहक निदेशक मेजर बीवी राम कुमार, निदेशक सीआरसी श्रीमती स्मिता महोबिया, समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, दिव्यांगजन, दिव्यांगजनों के पालक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने बिहान कैडर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित



- जिले के बिहान की महिलाओं ने राज्य स्तर पर किया अपनी प्रतिभा एवं हुनर का प्रदर्शन
- कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
- आरजेएन, केसीजी एवं एमएमएसी जिले को मिला सर्वाधिक 8 श्रेणी में अवॉर्ड

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के आयोजित सरस मेला कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला के राज्य आजीविका मिशन बिहान के उत्कृष्ट कैडर्स को सम्मानित किया। जिले के बिहान की महिलाओं ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा एवं हुनर को प्रदर्शित किया है। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में जैसे संकुल संगठन, पीआरपी, रिसोर्स बुक कीपर, एफएलसीआरपी उत्पादक समूह, कृषक उत्पादक संगठन कृषि सखी, पशु सखी एवं सक्रिय महिला के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु जिला के उत्कृष्ट कैडर्स को सर्वाधिक 8 श्रेणी में अवार्ड से सम्मानित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी उत्कृष्ट कैडर्स को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जिले की बिहान की महिलाओं ने अपनी इस सफलता से जिले का नाम रोशन किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम स्थापित करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि बिहान की महिलाओं ने जिले को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट संकुल संगठन अवार्ड आस्था संकुल विकासखंड डोंगरगांव, उत्कृष्ट पीआरपी श्रीमती चंद्रकली साहू विकासखंड मानपुर, उत्कृष्ट आरबीके श्रीमती रीना पारधी विकासखंड राजनांदगांव, उत्कृष्ट बैंक सखी श्रीमती मनीषा ताम्रकार विकासखंड डोंगरगढ़, उत्कृष्ट एफपीसी स्वर्णोपज कृषक उत्पादक कंपनी खैरागढ़-छुईखदान, उत्कृष्ट सीआरपीईपी (स्वीप) शोभा सिन्हा विकासखंड राजनांदगांव, उत्कृष्ट पशु सखी श्रीमती राधा जाड़े विकासखंड मानपुर व पिंकी साहू विकासखंड राजनांदगांव तथा उत्कृष्ट कृषि सखी ऐजन वर्मा विकासखंड राजनांदगांव को प्रदान किया गया।

बिहान कैडर्स ने अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर सुनील सोनी, विधायक विधानसभा क्षेत्र रायपुर उत्तर पुरन्दर मिश्रा, विधायक विधानसभा क्षेत्र धरसीवा अनुज शर्मा, प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक एवं मिशन संचालक राज्य अजीविका मिशन बिहान श्रीमती पद्मिनी भोई साहू उपस्थित थे। साथ ही राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिले भोलापुर के ग्रामीण

छुरिया (दावा)। ग्राम भोलापुर के ग्रामीण चंद्रिका प्रसाद डडसेना (उपाध्यक्ष जिला भाजपा) के नेतृत्व में ग्राम भोलापुर के ग्रामीण विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा भवन में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व मानव संसाधन (पद सेटअप) की मांग, बैरागीभेड़ी से भोलापुर मार्ग निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने की मांग, भोलापुर के हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक की कमी की मांग, भोलापुर में सर्वसमाज के लिए सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की मांग व भोलापुर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग के लिए आवेदन दिया।

इसके अलावा विधानसभा भवन मे उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ग्राम बैरागीभेड़ी से भोलापुर मार्ग सड़क निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति की मांग हेतु आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बैरागीभेड़ी से भोलापुर सड़क निर्माण के लिए लगातार चार बार बजट में शामिल होते आ रहा है, लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं मिलने के कारण सड़क का निर्माण कार्य अब तक नहीं हुआ है। उक्त सड़क इस वर्ष 2024-25 के बजट में भी शामिल हुआ है जिसके प्रशासकीय स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने विशेष रूप से मंत्री से अनुरोध किया। ग्रामीणों के अनुरोध मांग पर मंत्री ने सचिन लोक निर्माण विभाग को टीप अंकित कर तत्काल आगे की कार्रवाई की बात कही गई। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में जनदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर ग्राम भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मानव संसाधन (पद सेटअप) की स्वीकृति दिलाने हेतु आवेदन पत्र सौपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भोलापुर में छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक /एफ-12-8 /2021 /17-दो दिनांक 08/07/2021 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु 61.96 लाख की स्वीकृति आदेश के पश्चात भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मानव संसाधन (पद सेटअप) की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। मंत्री महोदय ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए लोकसभा चुनाव के बाद मांग पूर्ण होने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालो में रूखम प्रसाद पांडे सरपंच भोलापुर, मोहितराम सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर, हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, दुकालू राम साहू, शीशपाल साहू, एवं मनबोध चतुर्वेदी शामिल थे।



## अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय महाअधिवेशन 24 से

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय 43वां महाअधिवेशन 24 एवं 25 फरवरी को मिथिला धाम जनक भवन दीनदयाल नगर चिखली थाना के पीछे शासकीय आयुर्वेदिक ओषालय के बगल में आयोजित की जाएगी। समाज के समक्ष क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं को सम्मिलित होकर अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की गई है। यह जानकारी समाज के केंद्रीय पदाधिकारी चंद्रकांत कौमर्य व राजेश तोमर द्वारा दी गई है।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 7 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 7 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# आज पुलिस की कड़ी सुरक्षा में साशिमं से लाया जाएगा बोर्ड का प्रश्न-पत्र

**कापी जांचने पांच सौ से अधिक शिक्षक तैनात, लापरवाही बरतने वाले मूल्यांकन कर्ताओं पर होगी कड़ी कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी एक व दो मार्च को होने वाली दसवी-बारहवी परीक्षा का प्रश्न-पत्र लाने के लिए केन्द्राध्यक्ष छ.ग. माशिमं रायपुर जाएंगे और वहां से पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच लाकर परीक्षा सेन्ट्रल स्टेट हाईस्कूल के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। जिसकी सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस जवान मौजुद रहेंगे। बता दे कि छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल एजुकेशन सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए लगातार बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत माशिमं द्वारा कापियां जांचने में लापवाही बरतने के लिए निर्धारित दंड के प्रावधान में परिवर्तन किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षा की कापियां जांचने में लापरवाही बरतने वाले मूल्यांकन कर्ताओं को बजाय हमेशा के लिए इन्हें मूल्यांकन कार्य से बाहर करने 5 साल के लिए बाहर किया जाएगा।

बताते चले कि एक मार्च से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थियों ने पढ़ाई की तैयारिया शुरू कर दी है। वही परीक्षा के बाद जल्द से जल्द परिणाम के लिए माशिमं ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। राजनांदगांव जिले के 88 स्कूलों के केन्द्रों की बोर्ड परीक्षा की कापिया जांचने के लिए पांच सौ से अधिक शिक्षकों को तैनात किया है।

### मूल्यांकन कर्ताओं के कड़े नियम

मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड की कापियां जांचने में लापरवाही बरतने को तीन केटेगिरी में बांटा गया है। पहली केटेगिरी में जिन शिक्षकों की कापियों में रीवैल के बाद 20 से 40 नम्बर तक का अंतर आता है... उन पर तीन साल तक बैन लगेगा। वे इस दौरान माशिमं के सभी कार्य से वंचित रहेंगे। दूसरी केटेगिरी में जिन शिक्षकों की कापियों में रीवेल के बाद 41 से 49 नम्बर का अंतर रहेगा व पांच साल तक बोर्ड की कापियां नहीं जांच सकेंगे। तीसरी के केटेगिरी में जिन शिक्षकों की कापियों में 50 नवम्बर से अधिक का अंतर आएगा। उन पर पांच साल का बैन लगेगा। इसके अलावा एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा भी शासन से की जाएगी।

### परीक्षा के लिए 123 केन्द्र

बता दे कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 123 केन्द्र बनाएं गए है। इसमें राजनांदगांव जिले के 88 केन्द्र भी शामिल है। सभी केन्द्रों में लगभग 34 हजार परीक्षार्थी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले है। परीक्षा से पहले 24 फरवरी को प्रश्न-पत्र जिले में पहुंच जाएगा। उक्त प्रश्न-पत्र को लाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि रूप में स्टेट स्कूल के प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष एन.एस. पट्टा, आज पुलिस बल के साथ रायपुर छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल पहुंचेंगे व कड़ी सुरक्षा के बीच उन गोपनीय सामग्रियों को राजनांदगांव बोर्ड परीक्षा सेन्टर में लाया जाएगा। जिसे सुरक्षित रूप स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। उक्त गोपनीय सामग्री को 24 फरवरी को सभी केन्द्राध्यक्षों में वितरीत किया जाएगा। उक्त सामग्री को करीबी पुलिस थाना में सुरक्षित रखेंगे जहां से परीक्षा के दिन सुरक्षित परीक्षा केन्द्र ले जाकर विद्यार्थियों की हल करने दिया जाएगा।

# चिखली पुलिस ने मोटर सायकल चोरी कर फरार हुए आरोपी को किया गिरफ्तार



राजनांदगांव(दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मोटर सायकल चोर को धरदबोचा और आरोपी से चोरी की मोटर सायकल की बरामदगी की है। बताया जाता है कि चोर परिचित का ही आदमी निकला। इस संबंध में चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 20.फरवरी मंगलवार को में अपने ऑफिस में था और मेरी मो0सा0 क्रमांक सीजी-08/एजे 3328 मेरे किराये के मकान शीतला मंदिर के पास चिखली के किनारे खडा था, जिसे रिषभ सिंह चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस दौरान मुखबीर सूचना पर दबिश देकर आरोपी रिषभ सिंह राजपूत पिता दिनेश सिंह उम्र 24 साल निवासी ममता नगर बख्तावर चाल को पकड़कर पूछताछ किया गया जिसने पहले घटना के संबंध में टालमटोल जवाब दिया फिर कड़ाई से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुछताछ किया जाने पर तब उसने मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/एजे 3328 को चोरी करना स्वीकार किया और चोरी किये हुए मोटर सायकल को पेश किया। जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 379 भादंवि के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक श्री बंजारे सहित, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, अरविंद साहू, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले के अलावा बीरबल राजपूत, तामेश्वर भुआर्य का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# ब्लेकमेल से त्रस्त छात्रा ने किया अग्नि स्नान, दुष्कर्मी को अंतिम सांस तक कारावास का दण्ड

राजनांदगाँव (दावा)। नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार कर उसका विडियो बनाकर छात्रा को ब्लेकमेल करने के एक मामले में दिनाँक 21 फरवरी को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट (पाक्सो) राजनांदगांव पीठासीन न्यायाधीश अविनाश तिवारी द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध पीड़िता का व्यपहरण/अपहरण/सामूहिक बलात्कार के अपराध का आपराधिक षड्यंत्र करने का आरोप साबित पाये जाने पर थाना डोंगरगांव क्षेत्रान्तर्गत निवासी अभियुक्त दौलत सोनकर, उम्र 28 वर्ष को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120-बी के तहत् 20 वर्ष का सश्रम कारावास भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 के तहत् 05 वर्ष का सश्रम कारावास, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 घ के तहत् आजीवन कारावास, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 506 भाग-2 के तहत् 3 वर्ष का सश्रम कारावास तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 306 के तहत् 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं उक्त धाराओं में कुल 27,500 रुपये का अर्थदंड की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) परवेज़ अख्तर ने बताया कि, वर्ष 2019 में स्कूल से परीक्षा दिलाकर आ रही छात्रा को उसका पड़ोसी विधि से संघर्षरत् किशोर, अभियुक्त दौलत सोनकर की मोटर सायकल में घर छोड़ने का कहकर अपने साथ सुनसान खण्डहर में ले गया, जहाँ अभियुक्त दौलत सोनकर मौजूद था। वहाँ पर दोनों ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और फिर उसे घर ले जाकर छोड़ दिया। दूसरे दिन दोनों पीड़िता से मिले और कहा कि, बलात्कार की घटना का विडियो बना लिये हैं। हम जब कहेंगे हमारे साथ शारीरिक संबंध बनाना पड़ेगा, अन्यथा विडियो सबको दिखा देंगे और बदनाम कर देंगे।

पीड़िता ब्लेकमेल से दुखी और परेशान होकर घर की बाड़ी में अपने शरीर पर मिट्टी तेल डालकर स्वयं को आग लगा ली। अस्पताल में मृत्यु पूर्व पीड़िता ने बताया कि, विधि से संघर्षरत् किशोर और अभियुक्त ने मिलकर उसके साथ बलात्कार कर विडियो बना लिये हैं और उसे ब्लेकमेल कर रहे हैं, जिससे परेशान होकर उसने स्वयं को आग लगा ली। उपचार के दौरान पीड़िता की रायपुर स्थित अस्पताल में मृत्यु हो गई। पीड़िता की माँ ने अभियुक्त और विधि से संघर्षरत् किशोर के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई। थाना डोंगरगांव द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर घटना की जांच की गई। अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 घ, 306 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 8 के तहत् संपूर्ण विवेचना पश्चात् चालान विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

माननीय न्यायालय के द्वारा अभियोग पत्र के आधार पर धारा 120 बी, 363, 366, 376 घ, 506 भाग-2, 305 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5(छ), 6 के तहत् अभियुक्त के विरुद्ध आरोप तय किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्को का सूक्ष्मता से परिशीलन करने के पश्चात् पाया कि, अभियोजन, अभियुक्त के विरुद्ध आरोप युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल रहा है। अतः उपरोक्त धाराओं में अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुये न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त द्वारा पीड़िता के साथ बलात्कार कर उसका विडियो वायरल कर देने की धमकी देते हुये उसे आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित किया, जो कि किसी भी स्थिति में क्षमा किये जाने योग्य नहीं है और दण्ड में उदारता बरत जाना उचित नहीं है।

# सर्वेश्वरदास स्कूल के पास नवनिर्मित दुकानों में 1 दुकान की नीलामी से निगम को 35 लाख 15 हजार रूपये की आय

**शेष दुकानों की नीलामी अतिशीघ्र**

राजनांदगांव (दावा)। निगम स्वामित्व की सर्वेश्वरदास स्कूल के पास कुल 12 दुकानें का निर्माण किया गया है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर निगम की राजस्व आय में वृद्धि करने उक्त दुकानों में 02 दुकान की नीलामी की प्रक्रिया की गयी, निर्देशानुसार टाउन हाल में आज कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके की उपस्थिति में खुली नीलामी की गयी। नीलामी में 1 दुकान की नीलामी से 35 लाख 15 हजार रूपये की निगम को आय हुई।

नीलामी के संबंध में राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर ने बताया कि नगर निगम द्वारा आयुक्त के निर्देश पर निगम स्वामित्व की हाईटेक बस स्टैण्ड मोती तालाब, हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड, दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर तथा सर्वेश्वर दास स्कूल के पास निर्मित दुकानों की नीलामी प्रक्रिया की गयी, जिसमें सर्वेश्वर दास स्कूल के पास की दो दुकानों में से दुकान क्रमांक 10 जिसकी प्रीमियम राशि 31.60 लाख रूपये है कि खुली नीलामी के लिये आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से श्रीमती संध्या जैन ध.प. राजेश कुमार जैन की 35.15 लाख रूपये की उच्चतम बोली प्राप्त हुई तथा हाईटेक बस स्टैण्ड मोती तालाब व जेल रोड तथा दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर व सर्वेश्वर दास स्कूल के पास दुकान क्रमांक 11 के लिये आवेदन अप्राप्त होने के कारण नीलामी की तिथि को आगे बढ़ाया गया। इस प्रकार शेष दुकानों की नीलामी भी अतिशीघ्र की जावेगी। नीलामी अवसर पर राजस्व अमला व बोलीकर्ता उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं।

# स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति स्कूल, समाज के लिए घातक

पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से चिंताजनक है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।

इस संदर्भ में सवाल उठे कि आखिर वे बच्चे अपने साथ कोई घातक चीज लेकर कैसे स्कूल आ गए। क्या बच्चों के थैले या बस्ते की जांच का कोई नियम नहीं है? इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को आदेश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्ते की औचक जांच करने के लिए एक समिति बनाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों के पास ऐसी कोई सामग्री न हो, जिसका उपयोग किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सके। इस व्यवस्था के पीछे सरकार की मंशा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित माहौल बनाना है, ताकि उनके बीच कोई मामूली विवाद जानलेवा हमले में न तब्दील हो जाए। अगर किसी छात्र के पास कोई हथियार नहीं रहेगा, तब गंभीर हिंसा की स्थिति नहीं बनेगी और आपसी विवाद को सुलझाने की गुंजाइश बनी रहेगी।

मगर सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनः स्थितियों के बारे में सरकार के पास क्या योजना है?

बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर काम किया जाए।

### सू- दोकू क्र.341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# इलेक्टोरल बांड स्कीमः पारदर्शी शासन और मतदाताओं तक जानकारी पहुंचाने के मूल्यों का समर्थन

*सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने देश में चुनावी दान में जरूरी पारदर्शिता लाने का निर्णय देते हुवे 6 साल पुराने इलेक्टोरेल बांड स्कीम को असंवैधानिक बताकर उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि यह बांड संविधान की कलम 19 (1)में समाविष्ट सूचना का अधिकार का उल्लंघन करता है। यह निर्णय खुले और पारदर्शी शासन और मतदाताओं तक जानकारी पहुंचाने के मूल्यों का समर्थन करता है।*

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया, जिसने यह बांड जारी किया है वह अधिकृत सरकारी बैंक है। उसने 12 अप्रैल 2019 (जब इस विषय पर आदेश पारित किया था।)से जारी किए गए और खरीदे गए बान्डस की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करनी चाहिए, कहा था। चुनाव आयोग ने यह जानकारी 6 मार्च से 13 मार्च के बीच अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने के लिए कहा है। 15 दिनों के भीतर मान्य चुनावी बांड वापस करने होंगे। फाइनेंस एक्ट 2017 द्वारा कम्पनी एक्ट 2013 की कलम 182 (3) बाबत सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी भी महत्वपूर्ण है। यह विभाग कम्पनियों के राजकीय योगदान विषय पर है। कलम 182 (3) अधीन, इस प्रकार का योगदान बोर्ड द्वारा अधिकृत होना चाहिए। वह नगद में नहीं होना चाहिए, इसी के साथ, मुनाफे और नुकसान की खाते में जानकारी रहनी चाहिए। 2017 के सुधार की मर्यादा को दूर कर दिया था। जिसके अधीन पिछले तीन साल के मुनाफे का 7.5 प्रतिशत दान में दिया जा सकता है। कोर्ट ने प्रश्न किया है कि क्या राजनैतिक पार्टियां असीमित कारपोरेट फंडिंग मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धान्त का उल्लंघन करते हैं। कोर्ट ने काला धन को काबू में लेने के लिए चुनावी बांड के असरकारक पर भी शंका व्यक्त की थी। इस सुधार में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की कलम 29 (क) के साथ सुसंगत रूप से प्रस्तुत किया गया था। जिन राजनैतिक दलों को चुनावी बांड में से मिले योगदान को सार्वजनिक करने के लिए स्वतंत्रता दी थी। मार्च 2023 में एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स को ढूंढ निकला था कि 2020-21 में, सत्तासीन पार्टी सहित सात राष्ट्रीय पार्टियों की आय का 66 प्रतिशत अज्ञात श्रोतों से आए थे। इस आय में चुनावी बांड का हिस्सा 83 प्रतिशत था।

सच्चाई यह है कि इलेक्ट्राल बांड्स ने राजनैतिक दान (डोनेशन) बाबत अस्पष्टता रखी है। वर्तमान कानून अधीन राजनैतिक दलों ने 20,000 रूपए से अधिक का दान सार्वजनिक करना जरूरी बताया है। इस मर्यादा के कारण बड़े दान को छोटे दान में बदल दिया जाता है। राजनैतिक दलों के स्वतंत्र आडिट की प्रणाली की अनुपस्थिति में, इस घोषणा से नियमों का उल्लंघन सरल है। 2013 में सरकार ने इलेक्टोरेल ट्रस्ट स्कीम की घोषणा की थी, जिसमें गैर-लाभदायी कम्पनियों ने ऐसी संस्थाओं को स्थापित करने मंजूरी दी थी। जो अन्य कम्पनियों और व्यक्ति के पास से फंड इकट्ठे कर सके और उसे राजनैतिक दलों में वितरीत कर सके। इस डिसक्लोजर मापदंड स्तर में भी ट्रस्ट की स्थापना करती पेरेन्ट कम्पनियों को घोषणा करने की जरूरत नहीं है। कम्पनियां व्यक्तियों की तुलना में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की प्रक्रिया प्रभावित करने की अधिक क्षमता रखता है। कोर्ट ने संकेत किया था कि राजनैतिक दान को संचालित करने वाले कानूनों में लक्ष्य कर सुधार करने की जरूरत है। किसी भी लोकतंत्र में यह जरूरी है, क्योकि धनराशि राजनैतिक सफलता का वाहन है।

चुनाव प्रचार के दान को संचालित करने वाले कानूनों में भूल करने की गुंजाइश रहती है। परन्तु, चुनाव आयोग पश्चिमी लोकतंत्र के उत्तम पैमाने के अनुरूप चुनावी फण्ड के नियमों को लाने का अवसर गंवाना नहीं चाहिए।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 73: पूजा के लिए पुष्प लाने राम और लक्ष्मण जनकपुरी के राज उद्यान में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राम और लक्ष्मण दोनों भाई दिन प्रारंभ होने से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में सोकर उठे। स्नान आदि से निवृत्त होकर वे गुरु के कक्ष में गए। गुरु विश्वामित्र ध्यानमग्न हैं। ध्यान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद महर्षि विश्वामित्र पूजा अर्चना करेंगे। श्री राम ने गुरु की पूजा की थाल में सामग्रियों का निरीक्षण करते हुए लक्ष्मण जी से धीरे से कहा,

''अन्य सामग्रियां तो हैं, लेकिन देव विग्रह को अर्पित करने के लिए ताजे फूल नहीं हैं।''

''हां भैया! गुरुदेव स्वयं अपने हाथों से फूल चुनते हैं, लेकिन अगर हम पहले से उनके लिए फूल लाकर रख देते हैं तो वे इन्हें स्वीकार कर लेते हैं।'' लक्ष्मण जी ने कहा।

''आओ लक्ष्मण! राज उद्यान समीप ही है। हम गुरुदेव की पूजा अर्चना के लिए फूल लेकर आ जाते हैं।'' श्री राम ने कहा।

दोनों भाई एक डलिया लेकर राज उद्यान की ओर चल पड़े।अभी सूर्योदय होने में थोड़ी देर है। आसमान में हल्की लालिमा है और यह क्षितिज पर सूर्य देव के आगमन की सूचना दे रही है। सुगंधित, मंद-मंद हवा चल रही है। पुष्प वाटिका में जूही, मालती, यूथिका, सदाफूली, पारिजात और मोगरे के पुष्प खिले हैं। लक्ष्मण जी ने एक छोटे सरोवर से कमल के दो पुष्प भी तोड़े। श्री राम ने तुलसी पौधों के पास गिरे हुए तुलसी दल को डलिया के एक कोने में एकत्र किया।

''कितनी सुंदर वाटिका है लक्ष्मण! महाराज जनक के इस उद्यान में विविध बहुरंगी पुष्पों और पौधों के रूप में प्रकृति का संपूर्ण सौंदर्य संकेंद्रित हो गया है। वनस्पतियों की कितनी विविधता है यहां।'' श्री राम ने कहा।

लक्ष्मण जी ने वहां कार्य कर रहे एक माली से पूछा, ''क्या उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और कर्मी ही इस वाटिका का संरक्षण करते हैं या कोई विशेष व्यक्ति इस वाटिका के प्रबंधन के लिए नियुक्त है?''

माली ने अपना कार्य रोककर हाथ जोड़कर उत्तर दिया, ''राजकुमार जी! स्वयं राजकुमारी सीता उद्यान के विभिन्न पुष्पों और पौधों की विशेष देखरेख करती हैं। वे स्वयं राज उद्यान का समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी प्रदान करती हैं।''

''राजकुमारी सीता की यह संवेदना अनुकरणीय है। वे पौधों और वनस्पतियों के प्रति इतनी स्नेह भावना रखती हैं, तो राज्य की प्रजा के प्रति तो उनमें विशेष वात्सल्य भावना होगी।''श्री राम सोचने लगे।

तभी वाटिका के प्रवेश द्वार पर थोड़ा कोलाहल हुआ।सभी की दृष्टि उधर गई। राजकुमारी सीता अपनी सखियों के साथ वाटिका के भीतर प्रवेश कर रही हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)




## कविता

### ऐसा है मेरा देश

यहां नदी, धरती, गिरी, अंबर पूजे जाते हैं,
यहां पेड़-पौधे, पशु-पक्षी पूजे जाते है।
यहां सूरज, चांद सितारों से गहरा नाता है,
यहां आस्था विश्वास के दीप जलाए जाते हैं।
यहां सागर मंथन की दिव्य महत्ता झलकती है,
यहां गंगा यमुना की पवित्र धारा बहती है।
यहां गीता रामायण नैतिकता हमें सिखाते हैं,
यहां मन में सबकी कल्याण कामना करते हैं,
यहां विश्व बंधुत्व की वाणी का घोष करते हैं।



**गजेंद्र बख्शी**
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3 राजनांदगांव

## कविता

### छत्तीसगढ़ मोर महतारी

छत्तीसगढ़ मोर महतारी के
मैं हर चरण नवावँव माथ हे
मैं हर छत्तीसगढ़ीहा भईया
तोर झन छूटय कभू साथ हे।
छत्तीसगढ़ीहा बोली-भाखा
निच्चट गुरतुर मोला लागे हे
छत्तीसगढिहा सबले बढ़िहा
सोला-आना सहिच लागे हे।
इहा के वासी सिधवा-बपुरा
झूठ-लबारी कभू नई जाने हे
ईमान-धरम के रद्दा म चलके
अपन जिनगानी ल सवाँरे हे।
पर सेवा हित करम-कमाई
एमन के रग-रग म समाए हे
जस-नेकी अउ करय भलाई
इहिच म ए मन सुख पाए हे।
इहाँ के मनखे इहाँ के वासी
कुल-पुरखा के लाज रखे हे
रीत-नित के डाहर म चलके
आस-विसवास अपन धरे हे।
इहाँ के परब तीजा अउ पोरा
अउ छेरछेरा-हरेली-तिहार हे
इहिच म सब
दया-मया भरे हे
जेमा दिखथे
सुमता के सार
है।



**अशोक पटेल ''आश''**
तुस्मा, शिवरीनारायन(छ.ग.)
9827874578

# मजबूत हड्डियों के लिए करें यह योगासन

**अलका सिंह**

समय बढ़ने के साथ-साथ हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं, योग करने से हड्डियों में मजबूती आती है ताकत आती है योग से मिलने वाले अद्भुत स्वास्थ्य लाभों के कारण इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ रही है। माइग्रेन से लेकर हृदय की समस्याओं तक, योग सभी प्रकार की बीमारियों के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का एक और बड़ा कारण यह है कि इससे आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और उन्हें मजबूती मिल सकती है।

एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, हर दिन योग का अभ्यास करने से हड्डियों को मजबूत करने और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। हर दिन योग का अभ्यास करने से फ्रैक्चर को रोकने और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। वृद्धावस्था में हड्डियों की समस्या बढ़ जाती है। यही वजह है कि आपको इस उम्र तक पहुंचने से पहले नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए ताकि बाद में किसी भी प्रकार की जटिलताओं से बचा जा सके।

हम आपको 5 योगासन बता रहे हैं, जो आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।





### वृक्षासन

आराम की मुद्रा में चटाई पर सीधे खड़े हो जाएं। आपके पैर एक दूसरे के करीब होने चाहिए। अपने दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने दाहिने पैर के तलवे को अपनी बाई जांघ पर रखें। इस स्थिति में अपने शरीर को संतुलित करने का प्रयास करते हुए धीरे-धीरे सांस छोड़ें और सांस लें। अपने हाथों को ऊपर उठाएं और उन्हें अपने सिर के ऊपर ले आएं। नमस्ते मुद्रा में दोनों हथेलियों को आपस में मिला लें। इस मुद्रा में 5-10 सेकंड रुकें और ऐसा करते हुए सांस लें और सांस छोड़ें।

### वीरभद्रासन

जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को हिप-चौड़ाई से अलग रखें और अपनी भुजाओं को अपने बगल में रखें। सांस छोड़ें और अपने बायीं ओर एक बड़ा कदम उठाएं। अब अपने बाएं पैर की उंगलियों को बाहर की ओर मोड़ें और अपने घुटनों को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ें. अपने दाहिने पैर को लगभग 15 डिग्री अंदर की ओर मोड़ें। आपके दाहिने पैर की एड़ी बाएं पैर के केंद्र में होनी चाहिए। अपने दोनों हाथों को साइड में उठाएं। इसे अपने कंधों के स्तर पर लाएं। आपकी हथेलियां ऊपर की ओर होनी चाहिए। इस पोजीशन में कुछ गहरी सांसें लें।

सेतु बंध सर्वांगासन अपने घुटनों को मोड़कर और पैरों को जमीन पर सपाट करके अपनी पीठ के बल लेट जाएं। आपके पैर एक-दूसरे से थोड़े अलग होने चाहिए और बाहें आपके बगल में टिकी हुई हों। पैरों को फर्श में दबाएं, श्वास लें और धीरे से अपने कूल्हों को ऊपर उठाएं और रीढ़ को फर्श से ऊपर उठाएं। अपनी छाती को ऊपर उठाने के लिए अपनी बाहों और कंधों को जमीन पर दबाएं।

### शवासन

चटाई पर पेट के बल सीधे लेट जाएं। श्वास लें और धीरे-धीरे अपने हाथों को सीधा करके अपने शरीर को तखूत मुद्रा में आने के लिए उठाएं और साथ ही अपने पैर की उंगलियों को नीचे करें। आपकी बाहें फर्श से होनी चाहिए और कंधे सीधे कलाई के ऊपर होने चाहिए। आपका शरीर सिर से एड़ी तक एक सीध में होना चाहिए। इस स्थिति में कुछ सेकंड के लिए रुकें और गहरी सांस लें। धीरे-धीरे वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।

शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से कई लोग हड्डियों की कमजोरी का सामना कर रहे हैं। हड्डियां कमजोर हों तो जल्दी थकान होने लगती है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की परेशानी आम है। कमजोर हड्डियों होने पर उठने-बैठने में हड्डियों से आवाज आने लगती है।

हम खानपान में बदलाव कर हड्डियों की कमजोरी को दूर कर सकते है।

आइए जानते हैं कि हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में कौन से फूड्स शामिल कर सकते हैं। साबुत अनाज खाना हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इनमें मौजूद प्रोटीन और विटामिन हड्डियों को फायदा पहुंचाते हैं। हड्डियों की मजबूती के लिए चना खाना बहुत लाभकारी है।

हड्डियों की कमजोरी और दर्द का एक प्रमुख कारण शरीर में विटामिन डी की कमी है। रोजाना धूप में बैठकर विटामिन डी की कमी को दूर कर सकते हैं और हड्डियों की कमजोरी से छुटकारा पा सकते हैं। नट्स और ड्राइफ्रुट पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें एंटी ऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स, प्रोटीन और कैल्शियम-फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स मौजूद होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं ।

अगर आप हड्डियों की कमजोरी दूर करना चाहते हैं तो विटामिन सी से भरपूर फलों को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बना लें। सेब, पाइनएप्पल, स्ट्रॉबेरी और संतरा जैसे फल खाना फायदेमंद है।

दूध में कैल्शियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से हड्डियों की कमजोरी दूर हो जाती है. अगर आप हड्डियों में दर्द का सामना भी करते हैं तो हल्दी वाला दूध पीना बहुत फायदेमंद है। अंततः निष्कर्ष निकलता है कि हम स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर तथा नियमित योगासन करके और अच्छी पोषक तत्वों से संपूर्णडाइट लेकर हड्डियों में मजबूती व ताकत ला सकते हैं।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा हैं। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कोई नया पद मिलेगा जिससे उनकी छवि बनेगी। दूसरो की समस्याओं से आप विचलित हो सकते हैं।

**वृषभ** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जाएगा। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे,परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नजर आएंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन अनुपम रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आपकी भूमि पर चल रहे झगड़ों से आज छुटकारा मिलेगा, जिससे आपकी भूमि वापिस मिल जाएगी। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी और अधिक लाभ होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**सिंह** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज वह मैथ्स के टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे। आपका फ्रेंड आपसे कोई जरुरी सामान की डिमांड कर सकता है, जिसे आप वह सामान दिलाएंगे।

**कन्या** — आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज बिजनेस में अच्छा लाभ मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। किसी बात को लेकर भाई-बहन में अनबन हो सकती है, बहस करने से बचें। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते हैं, जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवन साथी आपसे प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक** — आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। स्पोर्ट्स के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। आशीर्वाद आपको मिलेगा।

**धनु** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्तों में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। बिजनेस के क्षेत्र में चल रहे प्रयास आपके सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा।

**मकर** — मकर राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे।

**कुंभ** — आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस पार्टनर के साथ आपके संबंध ज्यादा बेहतर रहेंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फ्रेश फील करेंगे। नव विवाहित दंपत्ति आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिए जाएंगे।

**मीन** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रैशन लोगों पर साफ दिखेगा। आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी जिसके सुधार के लिए आपको मेहनत से लगने की जरुरत है।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने नर्मदा मेला स्थल का निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा



**0 कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने मेला को लेकर बेहतर व्यवस्था हेतु दिए निर्देश**
**0 नर्मदा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने दिए निर्देश**
**0 22, 23 तथा 24 फरवरी को आयोजित होगा नर्मदा मेला महोत्सव**

गंडई पंडरिया (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने नर्मदा महोत्सव एवं उसमें लगने वाले मेले की तैयारियों के संबध में नर्मदा मंदिर प्रांगण में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा मेला महोत्सव का आयोजन 22, 23 तथा 24 फरवरी को आयोजित होगी। जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालु मेला देखने आते है। जिसकी सुचारू व्यवस्था हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि नर्मदा मेला स्थल की तैयारी के संबध में जिन विभागों को जो भी दायित्व दी गई है, उन्हें पूरी निष्ठा से पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नर्मदा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा, साथ ही मेला स्थल की प्रतिदिन साफ-सफाई के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुईखदान को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीएचई विभाग को पर्याप्त मात्रा में पेयजल और निस्तारी की व्यवस्था एवं राजस्व अधिकारियों को दुकान का आबंटन सुव्यस्थित ढंग से करने, मेला स्थल में भोजन व्यवस्था हेतु खाद्य विभाग, मेला परिसर में बेरिकेटिंग हेतु पर्याप्त मात्रा में बांस एवं बल्ली हेतु वन विभाग, मंच आदि निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग, निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को निशुल्क स्वास्थ्य जांच आदि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नर्मदा कुंड की साफ सफाई अच्छे ढंग से हो। मंदिर परिसर के आस-पास अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने आबकारी विभाग तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने नर्मदा मेला स्थल का निरीक्षण कर नर्मदा मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा बेहतर व्यवस्था हेतु दिए सम्बंधितों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नर्मदा महोत्सव नोडल एवं एसडीएम रेणुका रात्रे, परियोजना निदेशक जितेन्द्र कुमार साहू, एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे, जनपद पंचायत छुईखदान सीईओ जेएस राजपूत, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ललित वाल्टर तिर्की, विद्युत विभाग से छगन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोशरिया, उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी रविन्द्र कुमार मेहरा, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता मनोज कुमार पराते सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नर्मदा मेला आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीय पब्लिक स्कूल में अग्रज विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई




डोंगरगाँव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल में 21 फरवरी को अपने अग्रज कक्षा के विद्यार्थियों को बिदाई देते हुये कक्षा 11वीं के सभी छात्र-छात्राओं ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलजा पाण्डेय् अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति डोंगरगाँव, मुख्य अतिथि सुनीता राजपूत उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि संतोष सागर शर्मा सदस्य, प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक पी.एल.बया, प्रधानपाठिका दामिनी यदु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, एकता एवं साथी द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत डांस निनिमा एवं साथी छत्तीसगढ़ी रिमिक्स गीतों पर छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, कक्षा 12वीं के छात्र/छात्राओं ने शाला में अपने 14 वर्षों के अनुभवों को साझा किया। मंच का संचालन सुमन एवं उत्कर्ष द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, वेणुका निर्मलकर, कोमलसेन, गुरूविंदर, कांता सेन, लाखन साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, पवन देवांगन, रेवती पाण्डेय एवं कक्षा 11वीं के समस्त छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# आसरा में रक्तदान शिविर, जरूरतमंदों के लिए 42 यूनिट रक्तदान



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम आसरा में जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान की टीम द्वारा 20 फरवरी मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया।

इस शिविर में ग्रामीण युवाओं सहित महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, परिणामस्वरूप एक ग्राम में 42 यूनिट रक्तदान किया किया गया, जिसमें 39 पुरुष और 03 महिलाओं ने रक्तदान कर सहयोग किया। शिविर में संस्थान के जिला अध्यक्ष राजाराम पंचारी, जिला निर्कचक रामकृष्ण मिरी, जिला महिला अध्यक्ष टिकोबाई तारम, ओमकार साहू, तारत राम तारम, सागर सलामे, बरातू साहू, नीलचंद, नंदकिशोर, गायत्री बाई मंडावी, गैंदलाल नेटी, चमन कंवर एवं अन्य सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा।

# भारतीय संस्कृति की आधार शिला है, कृषि और ऋषि परम्परा- महात्यागी जी



खुज्जी (दावा)। दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित चल रहे लक्ष्मी नारायण यज्ञ के तहत चल रहे श्री राम कथा मे तिरखेड़ी आश्रम (महाराष्ट्र)से पधारे संत रामज्ञानी दास महात्यागी ने अपने छठवें दिन की कथा में केवट प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि, जिन चरणों को देखने के लिए देवता भी तरसते हैं आज वही केंवट, निष्काम भक्ति के घाट में भगवान के चरणों को धो लिया, यही तो निष्काम भक्ति है,और जब हम और आप भी निष्काम भक्ति के तट पर बैठ जाएंगे तो कुछ मांगने की आवश्यकता नही पड़ेगी परमात्मा स्वयं ही आ जाएंगे, किसी न किसी रूप में तुमसे मांगने, जैसा कि केवट से नाव मांगने उनकी निष्काम भक्ति की घाट पर गए, बस जीवन मे निष्काम भाव होना चाहिये, संत श्री ने आगे बताया कि जहां संत हैं वहां स्वार्थ नही और जहां स्वार्थ है।

वहां संत नही होना चाहिए, उन्होंने श्रोता समाज को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जो मूल आधार शिला ऋषि और कृषि परम्परा ही है, जिस तरह ऋषियों के यज्ञ के प्रशाद से श्री राम का प्राकट्य हुआ, उसी तरह कृषि परम्परा के तहत, जनक जी के द्वारा हल चलाने से धरती से सीता की भी उत्पत्ति हुई और आज हमारी हिन्दू संस्कृति हमारी भारतीय परंपरा को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, आज हमारी संस्कृति परम्परा और सभ्यता को बचाने के लिए धर्म पथ पर चलते हुए सभी वर्ग को आगे आना होगा अन्यथा हिंदुओं की उदारता को दुर्बलता के रूप में देखा जा रहा है। चल रहे धार्मिक आयोजन में विद्वत पंडित जनों के वेद मंत्रोच्चार के सांथ यजमानों के द्वारा आहुतियाँ डाली जा रही है, श्रद्धालु यज्ञ की परिक्रमा कर कृतार्थ हो रहे हैं, सांथ अखण्ड राम नाम संकीर्तन मे साधु संत व श्रद्धालु जन भाग लेकर पुण्य अर्जन कर रहे हैं। डोगरगांव जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पहुंचे सन्तों का आशीर्वाद लेने। चल रहे यज्ञीय आयोजन में डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेस साहू, एवं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सहित युवा पत्रकार रज्जा राणा ने आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी एवं कथावाचक रामज्ञानी दास का आशीर्वाद लेकर यज्ञ की परिक्रमा कर चल रहे भोजन भंडारा में सम्मिलित होकर, प्रसाद वितरण कर स्वयं भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# उपनिरीक्षक को सेवानिवृत पर सम्मानपूर्वक विदाई



डोंगरगांव (दावा)। कृषि उपज मंडी डोंगरगांव में कार्यरत उपनिरीक्षक के पद पर अख्तर बेग को सेवानिवृत होने पर कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर शाल श्रीफल मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यकाल को याद किया।

अख्तर बेग ने कृषि उपज मंडी में 33 साल अपनी सेवाएं दी है, बिदाई सम्मान समारोह में कृषि उपज मंडी के सचिव बी.एम.शर्मा, टी.आर. साहू, कलेद्री ठाकुर, कैलाश कामड़े, योगेंद्र सिंह बघेल, सुरीत चंद्रवंशी, दीपक ठाकुर, कुलदीप चंद्रवंशी, नीलम निषाद, देवसिंह पटेल, चमरू यादव, धीराजी खुमान पटेल, अजय साहू, योगेश मंडलोई, यशवंत धनगुण, रेखराम सोनकर उपस्थित रहे.

# पेंड्री में कल मितान लोक कला महोत्सव

**0 छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे**
**0 छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार भी जलवा बिखेरेंगे**

राजनांदगांव (दावा)। मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के तत्वाधान में कल 23 फरवरी को सुकुलदैहान के समीपस्थ ग्राम पेंड्री में पांचवा मितान लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश मारू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनकारी लोककला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए मितान द्वारा विगत चार वर्षो से प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में मितान लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष पांचवा मितान लोक कला महोत्सव का आयोजन सुकुलदैहान के समीपस्थ ग्राम पेंड्री में कल 23 फरवरी को शाम 7.00 बजे से पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में प्रारंभ होगा। मितान महोत्सव में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय लोक कलाकार अपनी-अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोक कला और संस्कृति को परिभाषित करने वाले लोकगीत, लोकसंगीत और लोकनृत्य के माध्यम से अपनी नैनाभिराम प्रस्तुति देंगे।

महोत्सव में संगीत संयोजन उग्रसेन देवदास और कुलदीप सार्वा का होगा। मितान के अध्यक्ष राजेश मारू, उपाध्यक्ष महादेव हिरवानी, सचिव विष्णु कश्यप, संयुक्त सचिव वीरेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष महेश्वर दास साहू, वरिष्ठ गीतकार हर्ष कुमार बिंदु, दीपक महोबिया, भागवत सिन्हा और ग्राम पेंड्री के ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और लोक कला में रुचि रखने वाले सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर गीत संगीत का लुत्फ उठाने की अपील की है।

### ये कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

दुकालू यादव, अनुराग शर्मा, सुश्री महक रात्रे, श्रीमती कविता वासनिक, सुश्री मोना सेन, हिरेश सिन्हा, श्रीमती जितेश्वरी सिन्हा, सुश्री कंचन जोशी, सुश्री स्वर्णा दिवाकर, हिमेन्द्र सेन, महादेव हिरवानी, श्रीमती संगीता साहू

**कामेडी पक्ष-** हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, पप्पू चंद्राकर

**नृत्य ग्रुप लीडर-** धरोहर - नैना साहू, स्वर धारा - बिष्णु कश्यप, धरती के सिंगार - महेश्वर दास साहू, लोक रंजनी-क्रांति बसु

### फिल्मी कलाकार भी जलवा बिखेरेंगे

मितान लोककला महोत्सव में आगामी एक मार्च को छत्तीसगढ़ के प्रमुख सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म मांग सजा दे सजना के प्रमुख कलाकार जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, श्रृष्टि देवांगन भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में फ्रेशर पार्टी आयोजित



राजनांदगांव(दावा)।संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में शनिवार को बीएड प्रथम सेमेस्टर में नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को फ्रेशर पार्टी दी गई, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संबोधन दिया गया।

तत्पश्चात् अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में मिस केशर लक्ष्मी और मिस्टर फ्रेशर कर्तव्य चुने गए।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर बागनदी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**तस्कर से कुल 39.45 किलो गांजा व कार की गई जब्त**




राजनांदगांव (दावा)। बागनदी पुलिस इन दिनों अवैध शराब गांजा आदि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले के खिलाफ धरपकड़ अभियान छेड़े हुए हैं। जिसके तहत पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को धर दबोचा है और उसके पास से 39.45 किलो गांजा और तस्करी के प्रयुक्त कार को जब्त किया है। इसकी कीमत 8 लाख 94 हजार 500 रू. बताई जाती है।

बागनदी पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में मंगलवार 20.फरवरी को मन्नी ढाबा के पास नेशनल हाईवे में चेकिंग पाईट लगाकर लगातार गाडियो की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से राजनांदगांव बागनदी होते हुए नागपुर की ओर कार क्रमांक सीजी-07/ए एन 7236 में अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहा है। पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन कार क्रमांक की नाकाबंदी कर तथा रोककर ड्राइवर से नाम पता पुछने पर अपना नाम टिंकु कुमार यादव, गिरीडीह झारखण्ड का रहने वाला बताया। इस दौरान घटना में प्रयुक्त वाहन की तलाशी करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 39.45 किलोग्राम? मिला। इस पर उक्त मादक पदार्थ गांजा व आरोपी का मोबाईल, वाहन का पेपर को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया जाकर आरोपी का कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर अपराध विवेचना मे लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नवीन एक्का, थाना प्रभारी बागनदी, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, आरक्षक अमित चन्द्रा, मुकेश यादव, दीपक साहू, सुनीन नवरत्न, लक्ष्मीकांत यादव थाना बागनदी की अहम भूमिका रही।

# नागरिक बी, न्यायालय इलेवन, नागरिक ए की आसान जीत




**प्रेस क्लब, डॉक्टर व नगर निगम हारी**

राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये मैच में नागरिक इलेवन बी ने डॉक्टर इलेवन को, दूसरे मैच में न्यायालय इलेवन ने नगर निगम को और तीसरे मैच में नागरिक इलेवन ए ने प्रेस क्लब को आसानी से पराजित करते हुए लीग राउण्ड में 2-2 अंक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में नीलू शर्मा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक पीटीएस गजेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र मिश्रा, शशांक तिवारी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले मैच में नागरिक इलेवन बी ने डॉक्टर इलेवन को 10 विकेट से पराजित किया। डॉक्टर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 54 रन बनाये थे। जिसमें चेतन साहू ने 11 रन बनाये थे। इसके जवाब में नागरिक इलेवन बी ने आसानी से 5.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 55 रन बनाकर मैच जीत लिया। नागरिक इलेवन की ओर से शैंकी बग्गा ने 15 व आलोक श्रोती ने 13 रन बनाये थे। दूसरे खेले गये मैच में न्यायालय इलेवन ने गतवर्ष की विजेता नगर निगम को 5 विकेट से पराजित किया। नगर निगम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 36 रन बनाये थे। अमीन हुड्डा ने 13 रन बनाये थे। जिसके जवाब में न्यायालय इलेवन ने 4.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 37 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यायालय की ओर से योगेश्वर सिन्हा ने 16 रन और जितेन्द्र वैष्णव ने 12 रन बनाये। तीसरे खेल गये एकतरफा मैच में नागरिक इलेवन ए ने प्रेस क्लब को 9 विकेट से हराकर 2 अंक प्राप्त किया। नागरिक इलेवन ने टॉस जीतकर प्रेस क्लब को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। प्रेस क्लब के बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर पाये और 4 विकेट पर 50 रन बनाये। जिसमें प्रमोद शेण्डे ने 13 रन बनाये। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन ए के विक्की भाटिया के 20 रन व सोनू जैसल के 13 रन की बदौलत 5.4 ओवर में 1 विकेट खोकर 53 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया। खेले गए पहले मैच में भावेश बैद द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार नागरिक इलेवन बी आलोक श्रोती को, दूसरे मैच में न्यायालय इलेवन के योगेश्वर सिन्हा को और तीसरे मैच में नागरिक इलेवन ए के विक्की भाटिया को दिया गया।

### आज के मैच-

पहला मैच संध्या 5 बजे से नागरिक इलेवन सी विरूद्ध टैक्स बार, दूसरा मैच संध्या 6.15 बजे से नागरिक इलेवन बी विरूद्ध पुलिस इलेवन, तीसरा मैच रात्रि 7.30 बजे से न्यायालय इलेवन विरूद्ध प्रशासन इलेवन तथा चौथा मैच रात्रि 8.45 बजे से नागरिक इलेवन ए विरूद्ध डॉक्टर इलेवन के मध्य खेला जाएगा।

# पहला कॉलम...

## अफगानिस्तान में सुबह-सुबह लगे भूकंप के तेज झटके

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में बुधवार की सुबह-सुबह 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। जिस वक्त भूकंप आया उस वक्त लोग घरों में सो रहे थे। कुछ लोग जो जगे हुए थे उन्होंने कंपन महसूस किया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की गहराई 10 किमी दर्ज की गई है। एनसीएस ने एक्स (ट्विटर) पर इसकी जानकारी पोस्ट की है, जिसमें लिखा गया है कि अफगानिस्तान में ÷4.2 की तीव्रता का भूकंप 21 फरवरी की सुबह चार बजकर सात मिनट और 56 सेकेंड पर आया था।÷ संकटग्रस्त देश में 24 घंटे के भीतर आया यह दूसरा भूकंप है। अफगानिस्तान के फैजाबाद में सोमवार को 4.7 तीव्रता का भूकंप आया.था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि इससे पहले रविवार शाम को भी अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 5.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर महीने में, अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में एक घातक भूकंप ने 4,000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी और हजारों आवासीय घर नष्ट हो गए थे। हेरात और आसपास के क्षेत्र में 6.3 तीव्रता के भूकंप और उसके शक्तिशाली झटकों से हिल गए।

## शेयर बाजार : 400 से ज्यादा अंक गिरकर बंद हुआ बाजार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 0.59 फीसदी या 434 अंक की गिरावट के साथ 72,623 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान पर और 20 शेयर लाल निशान पर थे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 0.64 फीसदी या 141 अंक की गिरावट के साथ 22,055 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान पर, 37 शेयर लाल निशान पर और 2 शेयर बिना किसी बदलाव के ट्रेड करते दिखे।

बुधवार को निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक उछाल टाटा स्टील, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, जेएसडबल्यू स्टील और सनफार्मा में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे अधिक गिरावट बीपीसीएल,एनटीपीसी, कोल इंडिया, पावरग्रिड और विप्रो में दर्ज की गई।सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो बुधवार को निफ्टी रियल्टी में 2 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.60 फीसदी, निफ्टी मेटल में 0.26 फीसदी और निफ्टी एफएमसीजी में 0.02 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी मीडिया में सबसे अधिक 4.91 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## टॉप 5 में पहुंचे तीन भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के कारण आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग पर काफी असर देखने को मिला है। इस सीरीज के तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं। जहां टीम इंडिया 2-1 से आगे चल रही है। टीम इंडिया की निगाहें रांची टेस्ट में अब सीरीज जीतने पर होगी। दूसरी ओर टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में गजब का कमाल किया है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच को टीम इंडिया ने 434 रनों से जीत हासिल की और इस दौरान भारतीय ऑलराउंडर्स का योगदान काफी अहम रहा। रवींद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। भारतीय टीम को टेस्ट मैच जिताने वाले रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग पहले स्थान पर बने हुए हैं। वहीं इस लिस्ट के टॉप पांच में कुल तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। जडेजा के अलावा आर अश्विन और अक्षर पटेल इस लिस्ट का हिस्सा हैं।

## तानिया सिंह सुसाइड मामले में फंसे बल्लेबाज अभिषेक शर्मा

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद टीम की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। इस फ्रेंचाइजी के एक खिलाड़ी पर सूरत पुलिस ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। जिसके बाद इस खिलाड़ी की परेशानियां बढ़ सकती हैं। दरअसल 20 फरवरी की देर रात सूरत की फेमस मॉडल तानिया सिंह ने आत्महत्या कर ली। वहीं तानिया सिंह ने सुसाइड से पहले आखिरी बार कॉल पर बता सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से की थी। जिसके बाद सूरत पुलिस ने पूछताछ के लिए अभिषेक शर्मा को समन किया है। तानिया सिंह 20 फरवरी की देर रात घर पहुंची थीं। जिसके बाद सुबह देखा गया तो वह मृत थीं। उन्होंने आत्महत्या से पहले आखिरी बार अभिषेक शर्मा से फोन पर बात की थी।

# बाबर आजम ने टी20 क्रिकेट में बनाया बड़ा रिकॉर्ड, विराट कोहली-क्रिस गेल और वार्नर को छोड़ा



नई दिल्ली। पाकिस्तान में जारी पाकिस्तान सुपर लीग 2024 (पीएसएल 2024) में बाबर आजम का बल्ला जमकर गरज रहा है। पेशावर जाल्मी के कप्तान ने टी20 क्रिकेट में इतिहास रच दिया है।

उन्होंने लीग के छठे मुकाबले में एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है जिसने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। बाबर टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने टी20 क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह 13वें बल्लेबाज बन गए हैं। दिलचस्प बात ये है कि बाबर ने ये मुकाम 271 पारियों में हासिल किया है। इस मामले में उन्होंने भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। किंग कोहली ने टी20 क्रिकेट की 299 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए। क्रिस गेल को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंचे बाबर बाबर से पहले इस मामले में शीर्ष पर वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल थे।

उन्होंने 285 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए। हालांकि, अब बाबर ने उन्हें पछाड़ दिया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर डेविड वॉर्नर का नाम शामिल है जिन्होंने 27 पारियों में ये मुकाम हासिल किया। आरोन फिंच भी 327 पारियों में सबसे तेज 10 हजार रन बनाने वाले बने। वहीं, जोस बटलर ने 350 पारियों में टी20 क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए थे। टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज 271 पारियां- बाबर आजम 285 पारियां- क्रिस गेल 299 पारियां- विराट कोहली 327 पारियां- डेविड वॉर्नर 327 पारियां- एरोन फिंच 350 पारियां- जोस बटलर बाबर आजम का करियर पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने 52 टेस्ट मैचों में 45.85 के औसत से 3898 रन बनाए।

## केंद्र ने रबर क्षेत्र के लिए वित्तीय पैकेज बढ़ाकर 708 करोड़ रुपये किया

नई दिल्ली। प्राकृतिक रबर क्षेत्र का सतत और समावेशी विकास' योजना के तहत रबर क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता अगले दो वित्तीय वर्षों (2024-25 और 2025-26) के लिए 576.41 करोड़ रुपये से 23 प्रतिशत बढ़ाकर 708.69 करोड़ रुपये कर दी गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि रबर उद्योग को समर्थन देने के लिए 2024-25 और 2025-26 के दौरान 43.50 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पारंपरिक क्षेत्रों में 12,000 हेक्टेयर (हेक्टेयर) में रबर का रोपण किया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, इसके लिए सहायता की दर पहले के 25,000 रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 40,000 रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी गई है। इससे उत्पादन की बढ़ी हुई लागत को कवर करने में मदद मिलेगी और साथ ही रबर की खेती के लिए उत्पादकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।

मंत्रालय ने कहा कि इसी अवधि के दौरान 18.76 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में अन्य 3.752 हेक्टेयर क्षेत्र को रबर की खेती के तहत लाया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, रबर बोर्ड द्वारा 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मूल्य की रोपण सामग्री की आपूर्ति की जाएगी। यह उत्तर पूर्व में इनरोड परियोजना के तहत किए जा रहे वृक्षारोपण के अतिरिक्त होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के नाम टी20 इंटरनेशनल में जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी न्यूजीलैंड के दौरे पर है, जहां तीन मैचों की टी20 और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने पहुंची है। 21 फरवरी को वेलिंग्टन के मैदान पर खेले गए पहले टी20 मुकाबले को कंगारू टीम ने रोमांचक तरीके से 6 विकेट से अपने नाम किया। हालांकि इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया के नाम टी20 इंटरनेशनल में एक ऐसा शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है, जो इससे पहले किसी भी टीम के नाम पर दर्ज नहीं था। टी20 सीरीज के इस पहले मैच में कंगारू टीम के गेंदबाजों का शर्मनाक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें उन्होंने 20 ओवरों में 215 रन दे दिए थे। इसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया टी20 इंटरनेशनल में पहली ऐसी टीम बन गई है, जिन्होंने लगातार 4 मैचों में 200 प्लस रन बनवा दिए हैं।



न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टी20 सीरीज के शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपने घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली थी, जिसके पहले मुकाबले में उनके गेंदबाजों ने 202 रन, दूसरे मैच में 207 और तीसरे मुकाबले में 220 रन दिए थे। इसमें से कंगारू टीम ने पहले 2 मैचों में जीत हासिल की थी तो वहीं आखिरी मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ इस पहले टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान पर खेलने उतरी थी, जिसमें गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस तीनों मौजूद थे इसके बावजूद टीम ने 215 बनवा दिए। कमिंस ने इस मैच में 43 रन तो वहीं स्टार्क ने 39 रन दे दिए।

## प्रदर्शनकारियों ने सरकारी इमारत पर फेंका पेट्रोल बम



प्रधानमंत्री से नाराज, लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली। अल्बानिया में विपक्षी प्रदर्शनकारियों ने इस कदर उत्पात मचाया कि हर कोई हैरान रह गया। प्रधानमंत्री से नाराज विरोधियों ने अल्बानिया की सरकारी इमारत पर पेट्रोल बम फेंक दिया, इससे इमारत में भीषण आग लग गई। वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने अल्बानियाई प्रधान मंत्री एडी राम पर भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इसके बाद अपने नेता को नजरबंद किए जाने के बाद विपक्षी प्रदर्शनकारियों ने राज्य के अधिकारियों पर संगठित अपराध और भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार देर रात अल्बानिया की सरकारी इमारत पर पेट्रोल बम और पत्थरों से हमला किया।

राजधानी तिराना में सरकारी मुख्यालय के सामने हजारों लोग एकत्र हो गए। प्रधान मंत्री एडी राम के कार्यालय की घेराबंदी करने आए प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दंगा पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने राम पर भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। हालांकि पीएम का कहना है कि वह कई युवाओं को बेहतर जीवन के लिए पश्चिमी यूरोप में प्रवास करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## डेब्यू के साथ सरफराज खान की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में एंट्री

नई दिल्ली। डोमेस्टिक क्रिकेट में बड़े बड़े कारनामे करने वाले युवा बल्लेबाज सरफराज खान अब भारतीय टीम के भी खिलाड़ी बन गए हैं। उनके इंटरनेशनल डेब्यू का इंतजार पिछले करीब दो साल से किया जा रहा था, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पूरा हो गया। सरफराज ने जिस तरह घरेलू क्रिकेट में रन बनाए हैं, उसी तरह का आगाज इंटरनेशनल में भी किया। पहले ही टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने वाले वे भारत के कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आईसीसी रैंकिंग की टॉप 100 खिलाड़ियों की लिस्ट में एंट्री कर ली है।



सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में अपना डेब्यू किया। राजकोट में खेले गए इस मैच की पहली पारी में सरफराज खान ने 62 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसमें उनके बल्ले से 9 चौके और एक आसमानी छक्का आया। इसके बाद जब वे दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वहां भी उन्होंने अपना धमाका जारी रखा। इस बार सरफराज के बल्ले से 72 बॉल पर 68 रन आए। उन्होंने 6 चौके और तीन छक्के लगाए। यही कारण है कि डेब्यू के साथ ही वे आईसीसी रैंकिंग में टॉप 100 की लिस्ट में शुमार हो गए हैं।

## नवलनी मां ने पुतिन से की अपील

नई दिल्ली। रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मां ने मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनके बेटे का शव उन्हें सौंपने की अपील की. ल्यूडमिला नवलनाया एक वीडियो में उस आर्कटिक क्षेत्र में दिखाई दीं जहां उनके बेटे की मौत हुई थी. वह शनिवार से अपना बेटे का शव प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं.

ल्यूडमिला नवलनाया ने वीडियो में कहा, च्पांचवें दिन भी मैं अपने बेटे का शव नहीं देख पाई हूं. वे मुझे यह भी नहीं बता रहे कि उसे कहां रखा गया है.ज् यह वीडियो नवलनी की टीम द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया.

ल्यूडमिला नवलनाया ने कहा, %मैं आपसे पूछ रही हूं, व्लादिमीर पुतिन - यह सब केवल आप पर निर्भर करता है. मुझे आखिरी बार अपने बेटे को देखने दीजिए. मैं मांग करती हूं कि एलेक्सी के शव को तत्काल मुझे दिया जाए ताकि मैं उसे उचित तरीके से दफना सकूं.नवलनी की टीम के सदस्यों के अनुसार, रूसी अधिकारियों ने कहा है कि नवलनी की मौत का कारण अभी भी अज्ञात है और प्रारंभिक जांच जारी रहने के कारण अगले दो सप्ताह तक शव नहीं दिया जा सकता.

इससे पहले नवलनी की पत्नी यूलिया नवलन्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पुतिन पर जेल में बंद उनके पति की हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि अधिकारियों द्वारा नवलनी के शव को सौंपने से इनकार करना इसी सच को छुपाने के लिए उठाया गया कदम है.यूलिया नवलन्या ने पुतिन पर निशाना साधते हुए कहा, च्वे कायर हैं और शव को छिपा रहे हैं, उनका शव उनकी मां को देने से इनकार कर रहे हैं, सरासर झूठ बोल रहे हैं और जहर दिए जाने के सबूत मिटने का इंतजार कर रहे हैं.ज्उन्होंने रूसियों से उनके साथ खड़े होने का आग्रह किया.

## पाकिस्तान में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ, शहबाज होंगे पीएम

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव परिणामों के बाद सरकार गठन को लेकर छाए सियासी बादल अब छंट गए हैं। पाकिस्तान की दो प्रमुख पार्टियां, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच समझौता हो गया है। शहबाज शरीफ इस गठबंधन के प्रधानमंत्री होंगे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पीपीपी और पीएमएल-एन के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे देश के व्यापक हित में सरकार बनाने गठबंधन में शामिल हो रहे हैं।**

पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने पुष्टि की कि शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के लिए गठबंधन के उम्मीदवार होंगे और आसिफ अली जरदारी देश के राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार होंगे। बिलावल भुट्टो-जरदारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब पूरी संख्या है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए अगली सरकार बनाएंगे और उम्मीद जताई कि वे ऐसा करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा, ÷हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पाकिस्तान की सफलता सुनिश्चित करनी है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या पीपीपी को कोई विभाग मिल रहा है, शहबाज ने कहा कि बिलावल के नेतृत्व वाली पार्टी ने पहले दिन से किसी मंत्रालय की मांग नहीं की है। उन्होंने कहा, दो पक्षों के बीच बातचीत होती है और मुद्दों को आपसी बातचीत के माध्यम से हल किया जाता है।

# शेष प्रथम पृष्ठ का

*दो दिन के लिए थमा किसानों का......*

समाधान बातचीत से संभव किसानों के विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर कहा है कि निरंतर बातचीत से ही समाधान निकाला जा सकता है। मैं किसान संगठन से अपील करता हूं कि वे सभी मुद्दों का समाधान खोजने के लिए बातचीत के रास्ते आगे बढ़ें। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर यूपी के मेरठ में भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत का कहना है कि यह आंदोलन जारी रहेगा। बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। एसकेएम (संयुक्त किसान मोर्चा) कल बैठक करेगा और तय करेगा कि क्या करना है।

खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने पराली की गांठे जला कर पूरे इलाके को धुओं से भर दिया है। जिस कारण से शंभू बॉर्डर पर विजिबिलिटी शून्य हो गई है। हमारे एक साथी की मौत किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के इस दावे को हरियाणा पुलिस ने अफवाह बताई किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने पटियाला प्रशासन के साथ बैठक के बाद कहा हमारे एक साथी की मौत हो गई है। अब उनके इस दावे को हरियाणा पुलिस ने अफवाह बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पुलिस ने कहा कि अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार आज ष्किसानआंदोलन में किसी भी किसान की मृत्यु नहीं हुई है। यह मात्र एक अफवाह है। दाता सिंह-खनोरी बॉर्डर पर दो पुलिसकर्मियों तथा एक प्रदर्शनकारी के घायल होने की सूचना है जो उपचाराधीन है। हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों से यह भी अपील करती है कि वह शांति बनाए रखें। कानून अपने हाथ में न लें और धारा 144 का उल्लंघन न करें। प्रदर्शनकारी पंजाब -हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश को मानें। जिसके मुताबिक सड़कों या राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को यातायात साधन के रूप में उपयोग करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। इसलिए हरियाणा पुलिस की अपील है की आप ऐसा न करें। आवागमन के लिए यातायात के अन्य साधन जैसे की रेल, बस आदि का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी प्रकार भारी मशीनें जिनमें जेसीबी और पोकलेन जैसी चीजें धरना स्थल पर ना लाएं। क्योंकि शरारती तत्वों द्वारा इनका प्रयोग पुलिस बल पर हमला करने के लिए किया जा सकता है। जिससे जान-माल के नुकसान होने की संभावना है। अगर आप ज्ञापन देना चाहते हैं तो शांतिपूर्ण तरीके से दे सकते हैं। पुलिस को शांति व्यवस्था बनाने में अपना योगदान दें। शंभू बॉर्डर पर एक तरफ जहां किसान नेताओं की वार्तालाप चल रही है। वहीं दूसरी तरफ उग्र हुए किसान व निहंग हरियाणा की बैरिकेडिंग के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुके हैं।

किसानों के विरोध प्रदर्शन के अधिकार के लिए पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर वकील उदय प्रताप बोले कि मैंने किसानों के पक्ष में एक जनहित याचिका दायर की है। राज्य किसानों को विरोध करने के उनके मौलिक अधिकार का प्रयोग करने से रोक रहा है और वे बैरियर लगाए गए हैं। भारत के नागरिक होने के नाते किसानों को देश के किसी भी हिस्से में जाने का अधिकार है। हरियाणा सरकार ने बैरिकेड लगाए, इंटरनेट सेवाएं बंद की। इस जनहित याचिका में कही गया है कि कि इंटरनेट की बहाली हो। इसके अलावा संबंधित पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

बठिंडा का रहने वाला है मृतक किसान- खनौरी (संगरूर) में किसान प्रदर्शन दौरान एक युवा किसान की मौत हो गई है। मिली जानकारी मुताबिक युवक बठिंडा जिले का रहने वाला है और प्रदर्शन दौरान सिर में कोई चीज लगने की वजह से हैड इंजरी हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन स्थल से ही युवक को खनौरी के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे गाड़ी में ही मृतक घोषित कर दिया गया।

हमारे एक साथी की मौत हुई है- किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल- प्रशासन और किसान संगठनों के साथ बीच पटियाला में बैठक खत्म हो गई है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि केंद्र सरकार से उन्हें बातचीत का न्योता आया है। उन्होंने कहा कि पटियाला बैठक के दौरान ही पता चला कि खनौरी बॉर्डर पर उनके एक साथी की मृत्यु हो गई है। अब हम देखेंगे कि यह मौत किन स्थितियों में हुई? इसके बाद ही तय होगा कि आगे की बातचीत होती है या नहीं। बता दें कि खनौरी बार्डर पर भी हरियाणा पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों के आगे बढ़ने पर आंसू गैस के गोले चलाए गए हैं। किसान संगठनों के बीच बातचीत काफी लंबी होती जा रही है। माना जा रहा हैं कि केंद्रीय मंत्रियों से वार्ता को लेकर संगठन एकमत नहीं है।

कुछ किसान नेता वार्ता को तैयार हैं लेकिन कुछ का मानना है कि सरकार से अब तक बातचीत में कोई मसला हल नहीं हुआ है। इस ग्रुप का यह भी मानना है कि युवा बहुत उत्तेजित हैं।

दिल्ली ईस्टर्न रेंज के एडिशनल सीपी सागर सिंह कलसी ने कहा कि हम गाजीपुर बॉर्डर पर हैं। हम यूपी के निकटवर्ती जिलों - गाजियाबाद और नोएडा में पुलिस के साथ समन्वय कर रहे हैं। अभी किसानों के आने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हमारी पहली प्राथमिकता इलाके में शांति बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिल्ली की सभी प्रमुख पूर्वी सीमाओं - चिल्ला बॉर्डर, गाज़ीपुर बॉर्डर, भोपरा बॉर्डर, अप्सरा बॉर्डर और मीत नगर पर यातायात सुचारू है। किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने फिर से आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। जिसमें सनौर निवासी मोनी नामक युवक का पैर जख्मी हो गया है।

*3000 करोड़ की म्याऊं-म्याऊं बरामद...*

के लिए अनुरोध किया था। गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे के आधार पर, पुणे पुलिस की टीम ने कोटला मुबारकपुर में छापेमारी की और लगभग 370 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया और वहां से दो लोगों को पकड़ा गया। आगे की पूछताछ पर, मस्जिद मोठ, हौज खास, दिल्ली में एक किराए की दुकान से लगभग 600 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग भी बरामद की गई। आरोपियों ने कमरा और दुकान हाल ही में किराये पर ली थी।

हाल ही में आई थी ड्रग्स- ड्रग्स कुछ दिन पहले ही ये ड्रग्स दिल्ली इन थाना क्षेत्रों में आई थी। इस कारण स्थानीय पुलिस की नजर नहीं गई थी। इस मामले में जांच की जा रही है। कोटला मुबारक थाना पुलिस को कुछ भनक लग गई थी। दिल्ली पुलिस कुछ कार्रवाई करती उससे पहले ही पुणे पुलिस ने दबिश दे दी।

- अंकित चौहान, दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त

*छग.में एक साल में एक लाख राशन कार्ड....*

दुर्ग जिले में सबसे अधिक 63,355 लोगों का नाम निरस्त किया गया है। परिवार से अलग हुए तो चार लाख के नाम हटे- प्रदेशभर में परिवार से स्वेच्छा से अलग होने पर 4,04,243 लोगों का नाम निरस्त किया गया है। त्रुटिपूर्ण आधार नंबर दर्ज होने पर 26,680 तथा परिवार के साथ स्थायी रूप से निवासरत नहीं होने पर 4,31,755 नाम हटाए गए हैं।

***'इंडिया' गठबंधन एकजुटः यूपी और एमपी में ...***

लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया था. साथ ही समाजवादी पार्टी अब तक 32 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है. ऐसे में इसे अखिलेश यादव की कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा था।

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का....*

और लोक सभा चुनाव का शंखनाद करेंगे. कोंडागांव से जांजगीर चांपा जाएंगे शाह- अमित शाह कोंडागांव में मिशन बस्तर को पूरा करने के बाद जांजगीर चांपा की ओर रुख करेंगे. शाह यहां मिशन बिलासपुर संभाग पर अगला कदम बढ़ाएंगे. जांजगीर चांपा में अमित शाह की चुनावी सभा है. यहां सभा के जरिए वे लोकसभा चुनाव के प्रचार का शंखनाद करेंगे.

जांजगीर चांपा में अमित शाह के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री राजेण मूणत खुद इस मोर्चे पर काम कर रहे हैं. अमित शाह जांजगीर चांपा से बिलासपुर पहुंचेंगे और लोकसभा चुनाव के क्लस्टर मीटिंग में शामिल होंगे. उसके बाद अमित शाह दिल्ली रवाना हो जाएंगे.

*60 के हुए सीएम साय, बच्चों संग ...*

को याद करते हुए बच्चों को पौष्टिक भोजन के लाभ और शिक्षा ग्रहण के महत्व पर बात करते दिखे। स्कूली बच्चे अपने बीच अपने विधायक को भोजन परोसते और भोजन ग्रहण करते देख काफी उत्साहित रहें। सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल- इस अवसर पर विधायक साहू ने विद्यालयीन विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। विधायक मोतीलाल ने आगे कहा कि अगर बच्चे पौष्टिक भोजन करेंगे तो उनके शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में सकारात्मक गति मिलेगी और शरीक तथा मानसिक रूप से मजबूत बच्चे शिक्षा में अग्रणी रहेंगे हमारे बच्चे शिक्षा में अग्रणी रहेंगे तब प्रदेश एयर देश का भविष्य भी अग्रणी रहेगा। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देश से यहाँ प्रत्येक स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की पहल प्रारंभ हो गई है।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आगाज

## पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले में मेजबान टीम ने बिलासपुर क्षेत्र को 2-1 से दी करारी शिकस्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव की मेजबानी में आज राजनांदगांव स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत पॉवर कंपनीज हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में मेजबान टीम राजनांदगांव क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर क्षेत्र की टीम को 2-1 से करारी शिकस्त दी। मैच के पहले हॉफ में दोनों टीमों ने आक्रमक खेल दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पहले ही हॉफ में मेजबान टीम ने 2-0 की बढ़त बनाकर मेहमान टीम बिलासपुर पर दबाव बनाया। राजनांदगांव क्षेत्र टीम से सचिन और नंदकुमार पटेल एक-एक गोल किये। दूसरे हॉफ मे बिलासपुर ने आक्रामक खेल दिखाया, परन्तु मेजबान टीम ने गोलकीपर मनु साहू ने शानदार बचाव करते हुए दो पेनाल्टी कॉर्नर को विफल कर दिया। जिससे बिलासपुर टीम आखिरी समय में एक ही गोल कर सकी और राजनांदगांव की टीम ने 2-1 से यह मुकाबला जीत लिया।



प्रतियोगिता के दूसरे मैच दुर्ग क्षेत्र और रायपुर क्षेत्र के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग क्षेत्र को 1-0 से पराजित किया। तीसरा मैच कोरबा वेस्ट एवं कोरबा ईस्ट के बीच खेला गया जिसमें कोरबा वेस्ट ने 4-0 मैच को जीता। चौथा मैच रायपुर सेन्ट्रल और मड़वा क्षेत्र के मध्य खेला गया, जिसमें रायपुर सेन्ट्रल की टीम 2-1 से विजयी रहा। पांचवॉ मुकाबला अंबिकापुर और दुर्ग के बीच खेला गया इस मैच में अंबिकापुर की टीम 2-0 से जीती। छठवां मुकाबला राजनांदगांव क्षेत्र और कोरबा ईस्ट के बीच खेला गया, जिसमें अभिषेक नायडु के शानदार प्रदर्शन के बदौलत मेजबान टीम ने कोरबा ईस्ट को 2-1 से पराजित किया।

क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री मेश्राम ने संस्कारधानी मे सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम भावना से खेले। प्रदेश स्तर पर आयोजित पॉवर कंपनीज के इस प्रकार के आयोजनों से अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच आपसी समझ एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अधीक्षण अभियंता एस.के. शर्मा, के.सी. खोटे, क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके, कार्यपालन अभियंता एस.के. चन्द्राकर, एम.के. साहू, आलोक दुबे, आर.के. गोस्वामी, एन.के. साहू, सुश्री गीता ठाकुर, डी. दिलेश्वर राव, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर, एस.के. मरठा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात् अतिथियों ने सभी टीमों के मैनेजर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम का संचालन पीआरओ धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने किया। मैच में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अनुराज श्रीवास्तव, किशोर धीवर, शकील अहमद, कृष्णा यादव, गुमान साहू, एवं अभिनव मिश्रा ने निभाई। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज 22 फरवरी को सुबह 09 बजे से 08 लीग मैच खेले जाएंगे।

# राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी यादव ने स्वर्ण पदक जीत कर छत्तीसगढ़ पुलिस को किया गौरवान्वित

**गोवा के उक्त प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी ने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा**

राजनांदगांव (दावा)। गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 177 किलोग्राम का वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। बता दें कि पुलिस में ज्ञानेश्वरी यादव खेल कोटा से सहा उप निरीक्षक के पद पर 4 अगस्त 2023 को राजनांदगाव में भर्ती हुई है। बताया जाता है कि 26 अक्टूबर से 09 नवंबर 2023 तक गोवा में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता वेटलिफ्टर गेम हुआ था जिसमें राजनांदगांव पुलिस विभाग से सउनि ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा वेटलिफ्टर गेम प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रधिनिधित्व कर रही थी व उन्होने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त की । ज्ञात हो कि ज्ञानेश्वरी यादव सउनि के पद पर भर्ती होने के पूर्व से ही वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है जिसके आधार पर छ0ग0 शासन द्वारा उन्हें सउनि के पद पर भर्ती किया गया। सउनि ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा लगातार अपने खेल के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन करते हुये छ0ग0 शासन को 03 गोल्ड, 01 सिल्वर एवं 01 ब्राउन मेडल दिया है। इसी प्रकार भारत से बाहर उजबेकिस्तान में कराये जा रहे ओलपिंक क्यालिफाइंग राउड में टॉप 8 में स्थान प्राप्त किया गया है।

मंगलवार 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ वापस अपने यूनिट राजनांदगांव आने पर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस का मान बढ़ाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा ज्ञानेश्वरी यादव को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहें।

# कोयतुर गोंड़ समाज अपनी विशिष्ट संस्कृति को बचाये रखें

कल्लूबंजारी(दावा)। आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज की अपनी अलग एवं विशिष्ट पहचान है जिसे बनाये रखना होगा उक्त विचार राजमाता फुलवा देवी कांगे ने ग्राम जोब(मरकाकसा) में गत 17 व 18 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किया। आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान एवं समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर के कुशल संयोजन में आयोजित कोयतुर गोंडवाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्रीमांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं मां दण्तेवाड़नि सेवा समिति नई दिल्ली के अध्यक्ष राजमाता फुलवा देवी कांगे रहे, अध्यक्षता समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया। विशेष अतिथि श्रीमांझी संस्था के उपाध्यक्ष के.डी.कांगे, डीआईजी डी.आर.आचला, गोंड़ महासभा मोहला के संरक्षक सुरेश दुग्गा, महासभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह नेताम, महासभा उपाध्यक्ष उदेसिंह गोटा, कोषाध्यक्ष तुलसी मरकाम, सचिव कुमार कोरेटी, कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष चन्द्रेश ठाकुर, युवा प्रभाग के अध्यक्ष अंगद सलामें, उपाध्यक्ष संजय तारम, कोयतुर गोंड़ समाज के ब्लाक अध्यक्षगण बाबूराव हिड़को, दिनेश उसेण्डी, अजित कचलाम,आत्मा राम कौड़ो, जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर, गढ़चिरौली के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल केरामी क्रान्ति, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, सरपंचगण जानकी शरण श्रीवास्तव, कल्पना मंडावी एवं सरिता प्रकाश मंडावी रहे, विषय विशेषज्ञ नरेन्द्र नेताम, मानसाय बोगा, भानू तुलावी बैगा, पूर्व डिप्टी सीईओ राजकुमार पुराम, प्राध्यापक डॉ.किरण नुरूटी एवं गोंड़ी भाषा साहित्यकार रमेश कोरचा रहे जिन्होंने अपने-अपने विषय पर आधारित व्याख्यान दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नारका शंभूशेक एवं आदिवासी महापुरुषों के सेवा अर्जी तथा तिरंगा वंदना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का सफेद चांवल, पुष्प माला, पुष्पगुच्छ एवं बैच से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राजमाता फुलवा देवी कांगे ने अपने आशीर्वचन में कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज के अति प्राचीन एवं गौरवशाली गोंड़ी भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, परम्परा, रिश्ता-नाता, सेवा अर्जी की पद्धति एवं पेन पुरखा आज विलुप्त होने की कगार पर है। जिसे मूल रूप में बचाय रखने की जिम्मेदारी समस्त गोंड़ समाज प्रमुखों एवं समस्त गोंड़ समाज की हैं इसके लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर काम करिये।

अध्यक्ष की आसंदी से समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि गोंडवाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला के माध्यम से कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों को सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उनमें सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक चेतना जागृत करने का अवसर प्रदान किया गया है। डी.आर.आचला ने संवैधानिक शिक्षा के संबंध में कहा कि उच्च शिक्षा एवं नशामुक्त समाज निर्माण से समाज का विकास संभव है। शिक्षित होने पर संवैधानिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हो। चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि कोयतुर गोंड़ी संस्कृति विश्व संस्कृति की जननी है। विश्व संस्कृति की जननी गोंड़ी संस्कृति को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। श्रीमांझी संस्था के उपाध्यक्ष के.डी.कांगे एवं महासचिव राजीव सिंह उइके ने श्री मांझी द्वारा किये गये राष्ट्र निर्माण के कार्यो एवं संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला तथा देश में आदिवासियों पर हो रहे अन्याय अत्याचार शोषण के खिलाफ एकजुट होने का आव्हान किया। इस अवसर पर सरिता मंडावी, अंजना आचले, बायजा बाईकुमरे, अंबिका सलामें, मोतीलाल हिड़को, समन उइके, श्यामदास मंडावी, घनश्याम कोर्राम, दिलीप कोरेटी, भुनेश्वर नेताम, जनाराम काटेंगी, थानसिंह नेताम, बनवासा बाई कोर्राम, ललिता सलामें, मोजलाल मंडावी, नरेन्द्र मंडावी, इंदलसाय ध्रुर्वे, रामाधार कोड़पे, समाज प्रमुख व आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग संवेदनशीलता और सिद्दत से करें कार्य, जिससे मरीजों का शासकीय चिकित्सालय में विश्वास बने-कलेक्टर

मोहला (दावा)।16 फरवरी 2024 कलेक्टर एस.जयवर्धन ने गत दिवस स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग संवेदनशीलता के साथ सिद्दत से कार्य करें, जिससे मरीजों का शासकीय चिकित्सालय के प्रति विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मरीजों के साथ व्यवहार व उपचार करें। सभी चिकित्सक नियमित रूप से निर्धारित समय पर उपस्थित हो और मरीज का उपचार करें।

उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पताल की सार्थकता इस बात पर निर्भर करता है कि उपलब्ध चिकित्सा मरीज के उपचार में गंभीरता का परिचय देते हुए मरीज के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करते हुए उपचार करें। शासकीय चिकित्सालय में ओपीडी में कम मरीजो की संख्या को लेकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सभी चिकित्सक सेवा में गंभीरता का परिचय देवें। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत सभी मुख्य हाट-बाजारों में पहुंचकर उपचार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

जिले में अंधत्व उन्मूलन के संबंध में कहा कि स्कूली विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर चश्मा प्रदाय करने के साथ ही समुचित उपचार की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव करने के निर्देश दिये गये हैं। गर्भवती व शिशुवती माताओं और बच्चों को सभी प्रकार का टीकाकरण को समय पर लगाने कहा गया है।

कलेक्टर ने बैठक में विभाग द्वारा संचालित सेवाओं के संबंध में कहा कि जिले के निवासियों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग इस संबंध में जागरूकता अभियान चलाएं। कलेक्टर ने बैठक में टीबी, कुष्ट सिकलसेल की मरीज का चिन्हांकन कर पूर्णरूप से निदान के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मरीजों की मॉनिटरिंग करते हुए उनका उपचार करने कहा है।

# फैकेल्टी प्रोग्राम से नवाचार को मिलता है बढ़ावा - डॉ. अरुणा पलटा

बालोद (दावा)। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में विधि विभाग द्वारा एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आभाषी मोड में 19 फरवरी से प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरुणा पलटा, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप एवं आज के तकनीकी सेशन के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रध्यापक डॉ. नरेश महिपाल थे, साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जे.के. खलखो प्राचार्य शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद ने किया।



0 शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में साप्ताहिक फैकेल्टी प्रोग्राम का चल रहा वर्चुअल आयोजन, आयोजन का आज पहला दिन

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए पहले दिन के इस आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. अरुणा पलटा ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए, अपने शुभकामना संदेश में कहा कि, वर्तमान समय में शिक्षा के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम से शिक्षकों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है और जब बहू विषयी विषयों पर इस प्रकार के कार्यक्रम होते हैं तब विभिन्न विषयों का ज्ञान भी होता है।

उन्होंने कहा कि, यह कार्यक्रम सफलता के नये आयाम गढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुलदीप ने कहा कि, यह बड़े ही गौरव का क्षण है कि, हमारे सबसे बड़े महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, इस कार्यक्रम के द्वारा शिक्षकों को एक नया आयाम मिलेगा और शिक्षकों के व्यक्तिगत विकास में भी यह उतना ही सहायक होगा।

आज के विषय विशेषज्ञ डॉ. नरेश महिपाल ने घरेलू हिंसा और न्यायिक सक्रियता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने घरेलू हिंसा विधि और न्यायपालिका के द्वारा दिए गए निर्णय को सारगर्भित रूप से बताया और प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर दिया, इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राधवेश पांडे जी ने अपने स्वागत भाषण में अवगत कराया कि, यहां पहला अवसर है कि, विधि विभाग द्वारा फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम महाविद्यालय में आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के विधि विभाग की प्राध्यापिका सुश्री पूजा ठाकुर द्वारा बहुत ही आदर्श रूप में किया गया।

# दिग्विजय महाविद्यालय में विकसित भारत-2047 पर पोस्टर प्रतियोगिता

**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भारत के नीति आयोग की योजना विकसित भारत/2047 के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**




प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता के दौरान विकसित भारत/2047 के विभिन्न दृश्यगत क्षेत्रों जैसे बालिका शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, सड़क सुरक्षा, तकनीकी का जीवन मे उपयोग, पर्यटन उद्योग में सम्भावना, कृषि आधारित उद्योगों का महत्व को दर्शाते हुए पोस्टर बनाये गए।

इस प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 के को मुख्यतया पेपर पर चित्रों के रूप में उकेरा गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के कुल 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता की विजेता याशी शर्मा रही जबकि द्वितीय स्थान जया, हिमांशी सिन्हा एवं संस्कृति देशमुख को संयुक्त रूप से मिलास प्रतियोगिता के निर्णायक मानव शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.अंजली मोहन कोडोपी एवं रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष युनुस रजा बेग रहे। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता के के नियमों से अवगत करवाया गया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती सुमन कोचर, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं श्रीमती रोहिणी समरित कंप्यूटर विज्ञान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष यूनुस रजा बेग ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें चित्रकारी की बारीकियों से अवगत करवाया। उल्लेखनीय है कि बेग स्वयं भी एक अच्छे चित्रकार हैं। सहायक प्राध्यापक हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, श्रीमती प्रियंका सिंह, विकास कांडे, शरद तिवारी, सुश्री भारती यारदा उपस्थित रहे।

# शासन की जनकल्याकारी जल जीवन मिशन से पार्रीखुर्द और कुसमी के ग्रामीणों को मिला रहा शुद्ध पेयजल

**राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा संचालित जल जीवन मिशन का लाभ अब दूर-दराज के रहने वाले ग्रामवासियों को मिलने लगा है। उन्हें शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ती। उनके घरों में पाईपलाईन बिछाकर पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल के लिए किसी तालाब, कुंआ, नाला इत्यादि तक जाने की जहमत नहीं उठानी पड़ेगी। घरों में मिशन के जरिये आसानी से मिलने वाले शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों का समय भी अन्य कार्यों के लिए बच रहा है। जिले के राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द और आश्रित ग्राम कुसमी के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन से शुद्ध पेयजल मिल रहा है।**

***उर्वशी-यामिनी को घर में नल लगने से समय की बचत एवं परेशानियों से मिली मुक्ति***

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप लाईन बिछाकर घर-घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत पार्टीखुर्द तथा उसके आश्रित ग्राम कुसमी में योजना के तहत दोनों ग्रामों के ग्रामीणों को नल से जल की सुविधा मिली है। इस कार्य को मिशन मोड में किया जा रहा है और कम समय में अधिक घरों तक पेयजल पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। गांव के वार्ड नंबर 12 तथा 13 की निवासी श्रीमती उर्वशी यादव तथा यामिनी कौशिक अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें पानी के लिए काफी दूर तक जाना पड़ता था। पानी के लिए लम्बी लाइन लगाना, बोरिंग एवं कुंआ पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन के आने से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है। इससे उनके समय की बचत के साथ ही अनावश्यक परेशानियों से मुक्ति मिली है। सरपंच बुधेस्वर साहू बताते है कि पानी की समस्या के कारण एक महिला के समय के साथ-साथ उनके पूरे घर वालों के समय का नुकसान होता था, किन्तु जल जीवन मिशन के आने के बाद आज उन सभी के काम समय से पूरे हो जा रहे है। जिसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खैरागढ़ कालेज एमएससी जुलाजी में बिदाई समारोह

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम एस सी जुलाजी सीनियर छात्रों को 21 फरवरी 2024 बुधवार को प्रो. आडवानी की अध्यक्षता एवं छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव के विशिष्ट आतिथ्य में बिदाई समारोह संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विशिष्ट अतिथि जे के वैष्णव छात्रसंघ प्रभारी ने जुनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों को बिदाई समारोह परम्परा निर्वहन करने पर खुशी जताई। सीनियर छात्रों को आगामी 2024 परीक्षाओं में पिछले सत्र 2023 की भांति बेहतर परिणाम लाने की शुभकामनाएं दी।



ज्ञात हो कि पिछले 2023 में खैरागढ़ कालेज से दुर्ग विश्वविद्यालय जुलाजी में एक छात्र पांच छात्राओं कुल छः छात्र के मेरिट सूची में नाम शामिल होने पर हार्दिक बधाई दी। एम एस सी पश्चात शोध क्षेत्र में अध्ययन एवं जेआरएफ, नेट, सेट, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को रेखांकित किया। प्रो. आडवानी ने छात्र जीवन में कड़ी मेहनत एवं संघर्ष को सफलता की कुंजी बताया। डॉ उमेंद चन्देल ने मैथिलीशरण गुप्त की कविता से प्रेरक व्याख्यान दिया। प्रो.भबीता मंडावी ने छात्रों की सफलता को ही गुरुजनों की पहचान कहीं, प्रो. मनीषा नायक ने छात्र छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर प्रो. सृष्टि वर्मा भूगोल, प्रो. सतीश माहला, प्रो. मोनिका जत्ती, शिक्षक खेमपाल धनगर विभागाध्यक्ष जुलाजी , कु. अश्वनी वर्मा , निशा दुबे शिक्षक स्टाफ के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। बिदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल दीपेश वर्मा एवं मिस फेयरवेल कु.पायल देवांगन को बैच पहनाकर छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने बधाई दी। कार्यक्रम संचालन खेमकुमारी निषाद एवं आभार प्रदर्शन मनीष यादव ने किया।

# दिग्विजय महाविद्यालय एवं धुरवा राव माड़िया महाविद्यालय भैरमगढ़ के मध्य हुआ एम.ओ.यू.



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं धुर्वाराव माडिया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ जिला बीजापुर के मध्य विभिन्न अकादमिक क्षेत्र, शोध, प्रोजेक्ट, स्टूडेंट्स, फैकल्टी एक्सचेंज आदि विषयों को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू) किया गया। दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के.दीक्षित (भैरमगढ़) एवं डॉ.के.एल.टांडेकर (राजनांदगांव) द्वारा एमओयु समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया। डॉ.के.एल.टांडेकर ने कहा कि दोनों महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा अकादमिक क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों संस्थान एक दुसरे से लगभग 400 किमी कि दुरी पर है साथ ही दोनों अलग-अलग विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है जहां धुर्वाराव माडिया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर तथा शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध है। दोनों ही संस्थान अपने अलग-अलग क्षेत्रीय विविधता तथा भिन्न शैक्षणिक संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एम.ओ.यु. के द्वारा एक दुसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। उक्त एमओयु में हस्ताक्षर के दौरान साक्षी के रूप में भैरमगढ़ कि ओर से गोकुल राम राम निषाद(सहायक प्राध्यापक) एवं राजनांदगांव कि ओर से दीपक कुमार परगनिहा (रजिस्ट्रार), विकास कांडे (सहायक प्राध्यापक) एवं शरद कुमार तिवारी (अतिथि प्राध्यापक) उपस्थित रहे।

# प्रशासन की शह पर भाजपा समर्थित सरपंच व्यवस्था को चुनौती दे रहें हैं-जितेंद्र मुदलियार

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत पारींखुर्द सरपंच की मनमानियों से ग्रामीण त्रस्त हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत मगरलोटा में भी किसानों के खेत जाने के रास्ते में भवन निर्माण कर रास्ता बंद करने की शिकायत सरपंच के खिलाफ ग्रामीण कर रहे हैं। इन्हीं भाजपा समर्थित सरपंच की करतूतों को लेकर कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार की अगुवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है।



कलेक्टर संजय अग्रवाल से इस मामले में जितेंद्र मुदलियार ने सीधी और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भाजपा समर्थित सरपंच व्यवस्था को चुनौती दे रहें हैं और प्रशासन उनका सहयोग कर रहा है। इससे ग्रामीण प्रभावित हो रहें हैं और उन्हें विपरित स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। मुदलियार ने कहा कि पारींखुर्द सरपंच सारे गांव के खिलाफ जाकर शासकीय मद से अपने ही घर के पास उद्यान बनवा रहे हैं जबकि ग्रामीणों ने इसका निर्माण दूसरे स्थल पर करने की मांग की थी। कई महिनों से इस निर्माण का ग्रामीण विरोध भी कर रहे हैं। प्रशासन से भी इसकी शिकायतें की गई लेकिन इस पर कोई राहत उन्हें नहीं मिल सकी। ग्राम पंचायत मगरलोटा से आई शिकायतों को लेकर उन्होंने कलेक्टर से बातचीत करते हुए कहा कि यहां ग्रामीणों के खेत जाने के रास्ते पर भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसका भी विरोध ग्रामीणों ने किया और इसे समीप ही दूसरे स्थान पर निर्माण की मांग की थी। इसे लेकर प्रस्ताव भी पारित हुआ था लेकिन फिर सरपंच ने अपनी मनमानी की और खेत जाने के मार्ग पर ही निर्माण करवा दिया। जनपद पंचायत, तहसील और एसडीएम के संज्ञान में विषय लाने के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

कांग्रेस नेता मुदलियार ने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच प्रदेश की सत्ता का हौव्वा खड़ा करते हुए अपनी मनमानियों में जुट गए हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी इसमें ग्रामीणों के साथ पक्षपात का रवैया अपना रहे हैं जो कि ठीक नहीं है। उन्होंने इस मामलों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर ने मुदलियार की शिकायत पर ग्रामीणों को वैध कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम पारीं खुर्द और मगरलोटा के ग्रामीण मौजूद थे।

# लोक मंडई के आयोजन से डोंगरगांव विधानसभा की जनता एक बार फिर झूमेगी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोक परंपरा व लोक कला के संरक्षण व संवर्धन हेतु होने वाले छत्तीसगढ के प्रसिद्ध लोक मड़ई महोत्सव का 24वां आयोजन नई सज्जा के साथ डोंगरगांव विधानसभा के डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसरा में 24 फरवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। डोंगरगांव विधानसभा में हर साल की तरह इस साल भी फिर लोक मंडई की सतरंगी छटा सराबोर होने जा रही है। नगर में लोक मड़ई 2024 का तीन दिवसीय आयोजन 24, 25 व 26 फरवरी को होगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष व विधायक दलेश्वर साहू ने बताया कि छग की लोककला, संस्कृति व सभ्यता के साधक प्रदेश के ख्यातिलब्ध लोकगायक व गायिका, लोक कलाकार, संगीतकार, कॉमेडियन, स्टेज परफॉर्म अपनी लाइव प्रस्तुति देंगे। छ.ग. के प्रसिद्ध लोक कलाकारों की श्रेष्ठ प्रस्तुति के साथ, धर्म संस्कृति अध्यात्म से परिपूर्ण पूर्व की भांति- नवदुर्गा रूप, राम वन गमन पथ, भोरमदेव, केदारनाथ दर्शन पश्चात इस बार लोक मड़ई 2024 में अयोध्या धाम के श्रीराम



## विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखेगी छत्तीसगढ़ कला एवं संस्कृति की झलक

मंदिर दर्शन कराने का प्रयास हमारे द्वारा किया गया है। साथ ही कल 23 फरवरी को प्रभु श्री राम जी की शोभायात्रा निकाली जानी है जिसमे निवेदन किया गया है की यात्रा मार्ग में पड़ने वाले चौक-चौराहे, गांव-शहरो में प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर शोभा यात्रा में सम्मिलित होना है।

इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कर्मा, सुआ, ददरिया, पंथी, भरथरी, नाचा, गम्मत, बिहाव, जसगीत, बांसगीत, आदि जैसे लोक विधाओ को एक सूत्र में पिरोकर इसे जीवंत बनाए रखने का एक सार्थक पहल है।

### लोक मंडई के लिए श्रीराम शोभायात्रा कल मोहड़ से

छत्तीसगढ़ के लोककला और धर्म संस्कृति से परिपूर्ण लोकमंडई कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुसरा में 24 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है, आयोजकों के अनुसार विगत वर्षो के नवदुर्गा रूप, रामवन गमन पथ, भोरमदेव, केदारनाथ दर्शन पश्चात इस वर्ष अयोध्याधाम के श्रीराम मंदिर दर्शन कराने का प्रयास किया गया है, आयोजन के एक दिवस पूर्व कल 23 फरवरी को भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जा रही है जो कि ग्राम मोहड़ से प्रारंभ होकर डोंगरगांव, बगदई, आरी, कोनारी, बिजेभांठा, दीवानझिटिया, मचानपार, तुमड़ीबोड़, सिवनीखुर्द, बोदेला, पेटेश्री, आलीवारा, मुसरा होते हुए लोकमंडई आयोजन स्थल तक पहुंचेगी।

# दिव्यांगों को बाटे गए श्रवण यंत्र, व्हील चेयर व घुटने के गरम पट्टे



राजनांदगांव(दावा)। शहर के गुरूद्वारा चौक समीप स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 10 के दर्जनों दिव्यांगों को श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, छड़ी व कमर-घुटने दर्द के गरम पट्टे बाटे गए।

वार्ड पार्षद पूर्णिमा नागदेव ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. विक्रम के द्वारा दिव्यांग महिलाएं व पुरूषों में उक्त चीजे-बांटी गई। पार्षद नागदेवे ने बताया कि ठंड के दिनों में बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों को प्रायः कमर एवं घुटनों के दर्द की शिकायत रहती है। ऐसे बुर्जुग 15 लोगों को कमर एवं घुटने दर्द के गरम पट्टी दिलवाए गए वही 3 लोगों की श्रवण यंत्र तथा दो दिव्यांगों को व्हील चेयर के लिए व्यवस्था की गई। इन दिव्यांगजनों में वार्ड नं. 10 के बुजुर्ग जागेश्वर देवांगन, अनुपमदास वैष्णव, हृदय वर्मा, भाउ लाल, चिंता पटेल, गोपाल कुंभारे, सुखलाल साहू, शिव रामटेके सहित कमला बाई, जना बाई, राजिम यादव, कुंती पटेल, खेलन भीमटे, बसंती साहू के नाम प्रमुख है।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम चिद्दों, जंतर, बड़भूम तथा जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम कलडबरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम चिद्दों के निरीक्षण के दौरान भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए गए कार्यो के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कार्य की आवश्यकता, जल संरक्षण से होने वाले लाभ तथा आसपास के किसानों से चर्चा कर कार्य के होने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभाव के संबंध में जानकारी ली।

ग्रामीणों ने बताया कि कार्य के स्वीकृत हो जाने से लगभग 70- 80 एकड़ की भूमि तथा 40 से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को कार्यो की स्वीकृति के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जंतर में भूमि संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधित कार्यो का खेतों से होकर प्रस्तावित स्थल तक पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल में आंशिक संशोधन किए जाने योग्य स्थिति को देखकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया। इसके पश्चात सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत बड़भुम के तालाब गहरीकरण के कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तालाब गहरीकरण कार्य में 140 से अधिक श्रमिक कार्यरत पाए गए। उन्होंने कार्यस्थल पर तत्काल सूचना पटल निर्माण करने कहा तथा श्रमिकों से चर्चा कर कार्य एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम कलडबरी में किए जा रहे परकुलेशन टैंक एवं भूजल संचय के कार्यो जायजा लिया। इस दौरान कार्य स्थल पर मस्टर रोल का वाचन किया गया। जिसमें 40 में से 38 लोगों की उपस्थिति पाई गई। सीईओ जिला पंचायत ने दो लोगों की अनुपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने के लक्ष्य को मूल लक्ष्य बताते हुए संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। सुश्री सुरूचि सिंह ने खुज्जी में निर्मित अमृत सरोवर के कार्यो का निरीक्षण किया और किए गए कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने इस तर्ज पर अधिक से अधिक संख्या में अमृत सरोवर के निर्माण हेतु स्थल चयन करने के दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान साथ जनपद सीईओ डोंगरगांव नवीन कुमार, जनपद सीईओ छुरिया नारायण बंजारे एवं जिला पंचायत से सहायक परियोजना अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत छुईखदान के 3 पार्षदों सहित 40 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



खैरागढ़ (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के एतिहासिक कार्यकाल व केन्द्र व प्रदेश भाजपा के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर पूरे प्रदेश व देश में कांग्रेस सहित अन्य पार्टीयों के सदस्यों द्वारा भाजपा प्रवेश की सिलसिला लोकसभा चुनाव के पहले चल रहा हैं।

इसी कड़ी में जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई के नेतृत्वकर्ता विक्रांत सिंह के कार्यो से प्रभावित होकर नगर पंचायत छुईखदान के पूर्व अध्यक्ष एंव जिला उपाध्यक्ष गिरीराज किशोर दास वैष्णव के अगुवाई में छुईखदान नगर पंचायत के पार्षदगण श्रीमती सोनाली देवांगन विनोद तिवारी एवं सुरेश यादव सहित उनके 40 समर्थकों को जिला भाजपा कार्यालय में धम्मन साहू जिलाध्यक्ष, विक्रांत सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, गिरीराज सिंह, टी.के. चंदेल द्वारा पार्टी के गमछा पहनाकर विधिवत प्रवेश कराया और सभी का मुँह

## भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष धम्मन साहू, विक्रांत सिंह एवं गिरीराज सिंह उपस्थिति में विधिवत प्रवेश

मीठा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवेश समिति के संयोजक विकेश गुप्ता, जिला महामंत्री जिला महामंत्री रामाधार रजक, युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, जिला मंत्री ज्ञानदास बजारे, मण्डल अध्यक्ष विनय देवांगन, पार्षद महेश नारकर, शैलेन्द्र जैन सहित छुईखदान क्षेत्र के पदाधिकारीगण की उपस्थित रहे।

भाजपा प्रवेश करने वाले में सुरेश टाडिंया, शुभम चंद्राकर रामसुख यादव, ऋषि गुप्ता, दिपाशु चंद्राकर, विशेष यादव, जग्गु रजक, पुरुषोत्तम साहू, तारेश यादव, विक्की सेन, दीपक यादव, भुवन भास्कर साहू, महादेव यादव, योगेश बक्शी, मोहित यादव, आदित्य वैष्णव, दिनदयाल यदु, भागिरथी सेन, देवा यादव, रोशन कोसरे, अनुभव सोनी, किरण वर्मा सोनू यादव, खेमलाल वर्मा, उत्तम वर्मा, रूसेन वर्मा, नीरज वर्मा, जीवन वर्मा सहित 40 युवा सम्मिलित हुए।

# कौरिनभाठा बर्फानी आश्रम के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी

## निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ा



राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमांतर्गत कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। इसी कडी में कौरिनभाठा बर्फानी आश्रम के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी के लिये निर्मित रोड व नाली को आज निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ने की कार्यवाही किये।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोनी निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाकर कड़ी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही निगम सीमाक्षेत्र में बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भूखण्डों पर क्रय विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि पूर्व में कंचनबाग, लखोली, रेवाडीह, कौरिनभाठा, राम दरबार के पास आदि क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया और आज कौरिनभाठा बर्फानी आश्रम के पीछे भूमि खसरा कं. 260/1 व 260/2 भूमि पर श्रीमती तिलोत्तमा झाबक ध.प. संपतलाल झाबक तथा श्रीमती कीर्ति झाबक ध.प. संदीप झाबक निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी कर सीमेंट कांक्रिटिंग रोड एवं नाली का निर्माण किया गया था। जोकि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग (2) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। जिस पर कार्यवाही करते हुये निगम की टीम द्वारा उक्त अवैध प्लाटिंग के रोड को जेसीबी के माध्यम से उखाडकर नाली तोड़ने की कार्यवाही की गयी, इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता दीपक महला व अनिमेष चंद्राकर, पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा तथा निगम का अतिक्रमण अमला उपस्थित था।

आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी से कड़ी कार्यवाही करें।

# महतारी वंदन योजना- बैंक खाता आधार से लिंक कराने तथा बंद खाता चालू कराने आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रांरभ की गयी, योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी। योजना का लाभ लेने 20 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। निगम सीमाक्षेत्र के आंगनबाडी केन्द्रों में प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन एंट्री नगर निगम में की गयी। आवेदनों में कमियों को पूरा करने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता द्वारा आवेदनकर्ताओं से अपील की जा रही है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कुछ आवेदनकर्ताओं का बैंक खाता आधार से लिंक नही है, इसी प्रकार कुछ लोगों के द्वारा जो खाता नम्बर दिया गया है वो बंद है। अतः आवेदनकर्ता बैक खाता आधार लिंक करा लेवे तथा अपना खाता चालू करा लेवे तथा कुछ आवेदनों में त्रुटि या कमी है वे भी अपना दस्तावेज लाकर निगम आकर 2 दिनों में आवेदन पूरा कर सकते है। प्रक्रिया उपरांत पात्र महिलाओं को राशि का अंतरण किया जायेगा। उन्होंने आवेदनकर्ताओं से अपील करते हुये कहा है कि वे अपने आवेदन की कमियों को दूर कर योजना का लाभ लेवें।

किराये से देना है
फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।
पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव
संपर्क करें
79991-61135
81037-58669

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

# देश के लिए स्व और जरूरतमंद के लिए परहित की भावना जरूरी-भावना बोहरा

राजनांदगांव (दावा)। आज स्वदेशी मेले के पंचम दिवस के कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी मेले की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से लोगों के अंदर स्वदेशी एवं देशभक्ति की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने भी लोकल फॉर वोकल का नारा दिया, जिसके कारण आज छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों का व्यापार बढ़ने लगा है, श्रीमती बोहरा ने कहा कि देश के मामले में स्व का लगना जरूरी है, परंतु जरूरतमंद के लिए पर हित का संदेश भारतीय संस्कृति देती है। लोगों की मदद करना यह हमें भारतीय संस्कृत में सिखाया जाता है। श्रीमती बोहरा ने कहा कि हमें छोटे-छोटे व्यापारियों से खरीदी करना चाहिए ताकि छोटे लोग आत्मनिर्भर बन सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक तुलसीदास ने कहा कि प्राचीनकाल से भारत वेद, अध्यात्म, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा संस्कृति के माध्यम से अन्य देशों को प्रेरणा दे रहा था परंतु विदेशियों की गुलामी के कारण हमारा स्वाभिमान खत्म हो गया, बहुत पहले विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर और गीतों के माध्यम से लोगों को जागृत करने का काम हुआ परंतु जो जागृति स्वदेशी मेले से आई है वह अनुकरणीय है, धीरे-धीरे स्वदेशी आवाहन से लोगों का स्वाभिमान जाग रहा है। आज पाश्चात्य युग की

## विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर और गीतों के माध्यम से जागृति लाने का कार्य हुआ



तरफ जाने वाले लोग बर्बाद हो रहे हैं, और वापस स्वदेशी की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है।

### कार्यक्रम का सफल संचालन ऊर्जावान विजय मानिकपुरी ने किया

इसके पूर्व स्वागत प्रतिवेदन देते हुए मेले के संयोजक कोमल सिंह राजपूत ने अपनी विशिष्ट एवं ओजस्वी वाणी से स्व का भाव जगाने वाली स्वाभिमानी बातें रखी और लोगों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वनवासी क्षेत्र तथा गांव के पारंपरिक सुतार, लोहार, बड़ई, चमार जैसे कला को विकसित करने के लिए उन्हें मदद करने की योजना बनाई। साथ ही रक्षा के क्षेत्र में भी हम स्वदेशी कल पुरुषों का निर्माण कर रहे हैं, जिसके कारण मिसाइल, रॉकेट लांचर आज हम विश्व के कई देशों को बेच रहे हैं, जिसके कारण ही भारत अब विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि अपने देश में निर्मित सामानों का उपयोग करना ही देशभक्ति है और उद्यमिता को बढ़ावा देना ही भारतीय संस्कृति है। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।

प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती ने भी प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकल का वोकल का नारा जन-जन का संकल्प बन चुका है और आज सभी भारतीय मोदी जी को फॉलो कर रहे हैं क्योंकि ऐसे जननायक प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। इसलिए आज स्वदेशी की भावना लोगों में घर कर गई है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रचार प्रसार प्रभारी अमर लालवानी ने किया। इस अवसर पर मेले के संयोजक कोमल सिंह राजपूत स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डढ्ढा, योगेश बागड़ी, राजा माखीजा, किशुन यदु ने अतिथियों का स्वागत सत्कार मोमेंटो एवं शाल श्रीफल से किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी, स्वदेशी मंच के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, स्वदेशी के प्रबंधक सुब्रतो चाकी, भागचंद गिड़िया, प्रकाश सांखला, प्रोफेसर कृष्ण कुमार द्विवेदी, शोभा चोपड़ा, सुहासिनी क्षीरसागर, साधना तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कॉन्फ्रेंस कॉलेज द्वारा नवदुर्गा पर शानदार प्रस्तुति

आज स्टेट हाईस्कूल में कॉन्फ्रेंस कॉलेज के छात्राओं द्वारा नवदुर्गा पर शानदार प्रस्तुति दी गई जिसकी प्रशंसा सर्वत्र की गई तत्पश्चात अंताक्षरी के कार्यक्रम में स्वदेशी मंच के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शरद श्रीवास्तव, अतुल व्यास एवं सुरेश यादव ने समां बांधा और सभी को अंताक्षरी के माध्यम से गीत संगीत से जोड़े रखा।

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
॥ हर एक जीवन अनमोल॥
लीवर एवं पेट संबंधित सभी रोगों का विश्वस्तरीय ईलाज
छ.ग. का एकमात्र दूरबीन पद्धति द्वारा (GERD-X) सर्जरी सेंटर
निदान पाएं इन परेशानियों से
• दर्द रहित एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
• एंडोस्कोपीक अल्ट्रासाउंड (EUS)
• लिवर संबंधित सभी बीमारियों व लिवर कैंसर
• आमाशय एवं पाचन संबंधित सभी बीमारियाँ
डॉ. अरूण अय्यर
MD, DM Gastroenterology FIAE, (England)
पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com